शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 98 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 04 मई 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## रायबरेली से राहुल गांधी ने किया नामांकन

### मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे



**रायबरेली**
राहुल गांधी ने रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल कर दिया।इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,सोनिया गांधी,प्रियंका वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। इसके पहले राहुल ने पूरे परिवार के साथ कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में हवन-पूजन किया। जहां से उनका काफिला एक भारी भीड़ के साथ डिग्री कॉलेज चौराहे पहुंचा। इसके बाद वह प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखकर गांधी परिवार के चेहरे पर खुशी थी। प्रियंका ने इस दौरान कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। दरअसल कांग्रेस और खासकर गांधी परिवार के लिए रायबरेली हमेशा से ही सेफ सीट रही है। पार्टी ने अब तक यहां से 17 चुनाव जीते हैं जिसमें 1999 के अलावा हर बार गांधी परिवार का ही प्रत्याशी रहा है। 1952 से ही रायबरेली सीट पर गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है। पहली बार इस सीट पर फिरोज गांधी सांसद बने थे।1957 में फिरोज दुबारा जीते।

1967, 1971 और 1980 में यहां से इंदिरा गांधी चुनाव जीतीं। 1980 और 1984 में फिर से नेहरू परिवार के अरुण नेहरू ने यहां चुनाव जीता।1989 और 1991 में शीला कौल यहां से विजयी हुईं। इसके बाद गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा इस सीट पर दो बार सांसद रहे। केवल तीन बार 1977, 1996 और 1998 में इस सीट पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 2004 के बाद से लगातार सोनिया गांधी इस सीट से जीतती रही हैं।

> "कांग्रेस और खासकर गांधी परिवार के लिए रायबरेली हमेशा से ही सेफ सीट रही है। पार्टी ने अब तक यहां से 17 चुनाव जीते हैं जिसमें 1999 के अलावा हर बार गांधी परिवार का ही प्रत्याशी रहा है"

## प्रियंका गांधी धुआंधार प्रचार कर रही हैं



**प्रियंका** के लिए पार्टी का देश भर में प्रचार करना भी मुश्किल होता जैसा कि कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रियंका गांधी धुआंधार प्रचार कर रही हैं और अकेली नरेन्द्र मोदी के हर झूठ का जवाब सच से देकर उनकी बोलती बंद कर रही हैं। इसीलिए यह जरूरी था कि उन्हें सिर्फ अपने चुनाव क्षेत्र तक सीमित ना रखा जाए। प्रियंका तो कोई भी उपचुनाव लड़कर सदन पहुंच जाएंगी।

**कांग्रेस के खिलाफ बड़ा मुद्दा**
केरल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं जहां वामपंथी दलों के गठबंधन एलडीएफ की सरकार के खिलाफ बढ़ रही नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस की चुनावी संभावनाएं बेहतर मानी जा रही हैं। लेकिन राहुल वायनाड छोड़ते हैं तो वामपंथी दल इसे कांग्रेस के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाएंगे। ऐसे में प्रियंका गांधी को वायनाड से उपचुनाव में उतारकर गांधी परिवार वामपंथी दलों को यह मौका नहीं मिले यह सुनिश्चित कर सकेगा और कांग्रेस महासचिव के संसद में पहुंचने की राह भी ज्यादा कठिन नहीं होगी।

**कांग्रेस ने सोच-समझकर चला ये दांव**
जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा भी कि इस पर बहुत सारे लोगों की बहुत सारी राय है। लेकिन वे राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और सोच समझ कर दांव चलते हैं। ऐसा निर्णय पार्टी के नेतृत्व ने बहुत विचार विमर्श करके बड़ी रणनीति के तहत लिया है। इस निर्णय से भाजपा, उनके समर्थक और चापलूस धराशायी हो गये हैं। बेचारे स्वयंभू चाणक्य जो 'परंपरागत सीट' की बात करते थे, उनको समझ नहीं आ रहा अब क्या करें?

## राहुल रायबरेली जीते तो वायनाड़ से उपचुनाव के रास्ते लोकसभा में पहुंचेगी प्रियंका!



**नई दिल्ली**
अमेठी की बजाय रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव जीतकर संसद में पहुंचने पर फिलहाल ब्रेक जरूर लग गया है मगर इसकी राह अभी बंद नहीं हुई है। प्रियंका को चुनाव मैदान में नहीं उतारने को लेकर चल रही चौतरफा सियासी चचा$ओं के बीच कांग्रेस ने साफ कहा कि उपचुनाव के रास्ते उनके संसद में आने का विकल्प खुला हुआ है।

**प्रियंका के लिए लोकसभा पहुंचने का विकल्प खुला**
कांग्रेस के इन संकेतों से साफ है कि रायबरेली की परिवार की परंपरागत सीट से चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ देंगे। ऐसे में वायनाड सीट पर उपचुनाव होगा जिसमें प्रियंका गांधी मैदान में उतरकर लोकसभा पहुंचने का विकल्प खुला हुआ है। राहुल गांधी के अमेठी की बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ने और प्रियंका को मैदान में नहीं उतारने पर उठाए जा रहे सवालों को लेकर कांग्रेस के अपने सियासी तर्क हैं। रायबरेली में राहुल को उतार कर पार्टी में यह साफ संदेश दिया गया है कि कांग्रेस में सोनिया गांधी के राजनीतिक उतराधिकारी राहुल ही हैं। चूंकि रायबरेली में राहुल को उतारना रणनीतिक फैसला है, ऐसे में अमेठी में प्रियंका को उतारा जाता तो भाजपा व स्मृति ईरानी अभी कांग्रेस-राहुल पर जितना हमला कर रहे हैं उसे कई गुना ज्यादा होता।

## पीएम मोदी की मदद से हेडली का बयान ला सका: उज्ज्वल

**मुंबई**
महाराष्ट्र के उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार उज्ज्वल निकम ने राजनीति में कदम रखने की वजह बताई। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह किसी लाभ के लिए राजनीति में नहीं आए हैं। भाजपा उम्मीदवार ने बताया कि उन्होंने कभी भी आरोपी पक्ष की तरफ से लड़ाई नहीं लड़ी है। उज्ज्वल निकम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि 26/11 मामले में पीएम मोदी के कारण ही वह अदालत के समक्ष डेविड हेडली के बयान को पेश कर पाए। उज्ज्वल निकम ने कहा, "मैं लाभ के लिए राजनीती में नहीं हूं। मैंने संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। मैंने कभी भी आरोपी पक्ष की तरफ से लड़ाई नहीं लड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देवेंद्र फडणवीस और एनएसए अजीत डोभाल की मदद से मैं अदालत में (26/11 मामले में) डेविड हेडली के बयान को ला सका। इससे हम यह साबित कर पाए कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ था।" पीएम मोदी की सराहना करते हुए उज्ज्वल निकम ने कहा, "प्रधानमंत्री ने दुनियाभर में भारत की जो छवि बनाई है, उसे देखकर आज कोई भी हमारे देश को 'बनाना नेशन' नहीं कह सकता है। गृह मंत्री ने संसद में कई बार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि पुराने नियमों में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव भी किए।" भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि जबतक लोगों के बीच कानून का शासन नहीं होगा, तब तक राम राज्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "मैंने भी सोचा कि मुझे भी मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में योगदान देना चाहिए।"

## एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से शुरू करेगी सीधी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली**
टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा की शुरूआत 16 जून से शुरू करेगी। इसके साथ ही ज्यूरिख भारत से एयर इंडिया की सीधी उड़ान सर्विस वाला सातवां यूरोपीय शहर हो जाएगा।

## राहुल को रायबरेली से लॉन्च करने की कोशिश भी नाकाम होगी: शाह



**बंगलूरू**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक में एक रैली के दौरान राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से भागने के बाद अब रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, उन्होंने भविष्यवाणी की कि राहुल गांधी वहां भी भाजपा के खिलाफ चुनाव हार जाएंगे। अमित शाह ने दावा किया कि राहुल गांधी को रायबरेली से लॉन्च करने की सोनिया गांधी की कोशिश असफल होगी। कर्नाटक के बेलगावी में चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अन्नासाहेब जोले के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा 'मोदी जी ने कोशिश की और चंद्रयान लॉन्च हो गया। सोनिया गांधी ने राहुल बाबा (राहुल गांधी) नाम के यान को 20 बार लॉन्च किया, लेकिन इनकी लॉन्चिंग सफल नहीं हो रही। 'राहुल बाबा, मैं यहीं से ही रायबरेली का नतीजा बता रहा हूं, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के खिलाफ आप भारी अंतर से चुनाव हारेंगे। मेरी बात लिख लेना।'

## सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी कानून में हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का डाटा मांगा



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा- हम करेंगे कानून की व्याख्या :जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।'

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले पर सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने अस्वीकार की सरकार की याचिका



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, जिसमें टूजी स्पेक्ट्रम मामले में शीर्ष अदालत के 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का हस्तांतरण करते समय सरकार नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है।

**केंद्र की याचिका नहीं हुई स्वीकार**
सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार की मांग का प्रयास करार दिया है। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट रूल्स, 2013 के नियम-5 के आदेश-15 के प्रविधानों के अनुसार याचिका को स्वीकार करने से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट का नियम कहता है, 'रजिस्ट्रार किसी याचिका को इस आधार पर स्वीकार करने से इनकार कर सकते हैं कि उसमें कोई उचित कारण नहीं बताया गया है या उसमें गंभीरता नहीं है या उसमें निंदनीय मामला है, लेकिन याचिकाकर्ता ऐसे आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अदालत से अपील कर सकता है।

**केंद्र सरकार कर सकती है अपील**
केंद्र सरकार रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील कर सकती है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी, 2012 के अपने आदेश में 2008 में तत्कालीन टेलीकॉम मंत्री ए. राजा के कार्यकाल में विभिन्न कंपनियों को आवंटित टूजी स्पेक्ट्रम के लाइसेंस रकर दिए थे।

## जेएनयू में विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध घोषित



**नई दिल्ली**
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अब किसी भी शैक्षणिक या प्रशासनिक भवन के 100 मीटर के दायरे में धरना, भूख हड़ताल, समूह की घुसपैठ या किसी अन्य प्रकार का विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जेएनयू प्रशासन द्वारा जारी किए गए इस ताजा आदेश की कड़ी निंदा की है। अभाविप ने शुक्रवार को कहा कि यह आदेश विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के प्रदर्शन के अधिकार का हनन करता है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि इस आदेश से छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति जताने के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। जेएनयू जैसे परिसर में छात्रों को अपनी समस्याओं को उठाने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए। 100 मीटर के दायरे के भीतर भूख हड़ताल, धरना, समूह की घुसपैठ और किसी अन्य रूप का प्रदर्शन करना या किसी भी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के प्रवेश या निकास को अवरुद्ध करना जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों के अनुशासन और उचित आचरण के नियमों (विश्वविद्यालय के विधियों के अधीन संविधि 32(5) के अनुसार) के तहत दंडनीय अपराध है।

## ईरान-इजराइल की यात्रा करते सयम सतर्क रहें भारतीय : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली**
**विदेश मंत्रालय** ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को ईरान और इजराइल के संबंध में यात्रा सलाह पर मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इजराइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने गत माह 12 अप्रैल को क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करने की सलाह दी थी।

## 'सिल्क रूट की तरह गेम चेंजर होगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा: मोदी




**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की तरह एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा। आईएमईसी के लिए पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता हुआ था। एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने आईएमईसी को लेकर कहा, 'खाड़ी देशों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। अमेरिका और यूरोप ने भी इस पर भारत का समर्थन किया है। जी-20 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथ मिलाने की तस्वीरों ने विश्व स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा, जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती। आप दुनिया को अपने साथ ले सकते हैं और मेरी यही कोशिश थी। आप मुझे बताएं कि जी8 और जी20 का जन्म कैसे हुआ। जिन मुद्दों के लिए इनका गठन किया गया है, हमें उन मुद्दों से कभी भटकना नहीं चाहिए। मैंने हर किसी को आश्वस्त किया। कुछ लोगों के साथ मुझे निजी तौर पर बात करने की जरूरत थी। मैंने वैसा ही किया। दूसरी बात, मेरा इरादा ये था कि मैं आखिरी सत्र में प्रस्ताव नहीं लाऊंगा। मैं इसे इतनी जल्दी करूंगा कि लोग हैरान हो जाएंगे। इसलिए मैंने दूसरे दिन की घोषणा का काम पहले दिन ही पूरा कर लिया। यह मेरी रणनीति थी और वह रणनीति काम कर गई।' बाइडन और मोहम्मद बिन सलमान के हाथ मिलाने के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी दोनों नेताओं से मित्रता है। उन्होंने कहा, हमने आईएमईसी पर काम किया है, जो सिल्क रूट की तरह एक बड़ा गेम चेंजर होने जा रहा है। खाड़ी देशों की सकारात्मक और सक्रिय भूमिका थी। भारत को अच्छी भूमिका निभाने का मौका मिला। अमेरिका और यूरोप हमारे साथ थे। सभी ने सोचा कि एक ठोस और सकारात्मक परिणाम होगा। इसलिए हम उस पर मिलते थे। पीएम ने आगे कहा, इसलिए सऊदी किंग और राष्ट्रपति बाइडन को एक साथ लाने का अवसर था और मेरी दोनों के साथ अच्छी दोस्ती है। पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी के लिए भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।






# घर के ऊपर गिरा नीम का पेड़ धराशाही, नहीं मिला मुआवजा

## घायल गाय की रील की हड्डी टूट गई इजाल के लिए कहाँ से आए पैसा

**अखंड भारत संदेश**

**लालपुर।** क्षेत्र के गोइसारा गांव मौज तिवारी का डेरा के सुशील कुमार तिवारी /सोनू तिवारी अयोधया प्रसाद तिवारी के घर पर बीते मंगलवार को तेज तूफान से नीम के पेड़ गिर गया गनीमत यह रही कि उसे समय घर के अंदर कोई नहीं था नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था नेम जड़ से उखाड़ कर रिहासी मकान के ऊपर सीधा गिर गई जिससे पूरा मकान सही दीवार गिर गई और कभी नुकसान हो गया इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दे दी गई है अचानक से इस नुकसान को रोज ऑटो चला कर कमाने खाने वाला परिवार को भरपाई करना मुश्किल हो गया है दीवार के लेकर पूरा घर तहस-नहस हो गया है बारा तहसील प्रशासन से मांग किया है कि सरकार की तरफ से प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के तहत जांच कर कर गरीब को अनुदान दिलाया जाए ताकि गिरे हुए मकान की मरम्मती कारण सहि हो सके नहीं तो बारिश में इस परिवार को सामने बहुत बड़ी संकट आ जाएगी।

## सृजन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस में मनाया गया एक्टिविटी डे

**प्रयागराज।** सीजन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द प्रयागराज मे बी.एस सी नरशिंघ सेकंड सेमेस्टर के बच्चों के द्वारा प्रोग्राम पोषण कार्यक्रम कराया गया जिसमें बच्चों ने बड़ी मेहनत व उत्साह से बयंजन तैयार किया ।सभी व्यंजन को अलग अलग स्टाल पर सजाया गया ।जिसमे बच्चो द्वारा डायबिटीज, एनीमिया, हाइपरटेंशन, संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी एवं बीमारी से संबंधित आहार बनाकर आए हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज उपस्थित रहे एवं सम्मानित अतिथि संगीता सिंघल प्रधानाचार्य संस्कृति सीजन अकेडमी उपस्थिति रही एवं डॉ. मेहा अग्रवाल प्रसिद्ध गाइनेकोलॉजिस्ट सृजन हॉस्पिटल, कनिका अग्रवाल संचालन निदेशक ऑल सीजन ग्रुप उपस्थिति रही संस्था की प्राचार्य ॠतु तोबित जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया औरआयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया कि बच्चों के अंदर पढ़ाई के साथ साथ तमाम व्यावहारिक ज्ञान होना चाहिएऔर बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में आहार विशेषज्ञ कल्पना श्रीवास्तव भी उपस्थित रही संस्था के शिक्षक गण कर्मचारी गण अवनीश केवट, रीता सिंह, युवत कुमारी, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, निशि तिवारी, ज्योति श्रीवास्तव, प्रिंसु मिश्र, रत्नेश यादव, सौरभ मिश्रा,अतुल पाल ,डॉक्टर लेफ्टिनेंट योगेंद्र सिंहआदि उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**फाफामऊ।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी का प्रायगराज आगमन पर स्वागत किया गौरतलब है कि मंत्री रजनी तिवारी प्रयागराज पार्टी कार्यक्रम में शमिल होने पहुंची थीं शिवगढ़ बाई पास पर भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार कविता पटेल ने नेतृत्व में रजनी तिवारी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर रजनी तिवारी ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की लहर चल रही है भाजपा अबकी बार 400 सीट जीत कर प्रचंड बहुमत से तीसरी सरकार बनाने जा रही है इस अवसर पर उन्हे अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर मुखय रूप से जिला प्रभारी भाजपा उत्तर मौर्य, जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, भाजपा नेता मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, गुडडू राजा, अंकित मिश्रा, कप्तान पटेल, मोहित शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

# मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राज्य कार्यकारणी समिति की बैठक का आयोजन




**प्रयागराज।** शुक्रवार को उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राज्य कार्यकारणी समिति की बैठक उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं राज्य मुख्य आयुक्त श्री वी. के गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ज्ञात हो कि, इस बैठक का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है। इसमें सभी जिले एजेण्डे के अनुरूप वार्ता कर अपनी बातों को पटल पर रखते हैं और सर्व सम्मति से बैठक के अध्यक्ष द्वारा अनुमति मिलने के उपरान्त सभी जिले उसका अनुपालन करते हैं। संस्था के राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री वी. के गर्ग एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। बैठक का आरम्भ, उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्काउट प्रार्थना के साथ किया गया। तदोपरान्त आगरा, प्रयागराज एवं झांसी जिले द्वारा कमशः वार्षिक रिपोर्ट स्लाइड के माध्यम से प्रस्तुत की गयी। बैठक में उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन श्री मुदित चंद्रा, राज्य सचिव एवं उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मु.) श्री मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, राज्य कोषाध्यक्ष एवं उप वित सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (मु.)श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, एवं प्रयागराज, आगरा व झांसी के जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मण्डल रेल प्रबंधक और जिले तथा राज्य मुख्यालय प्रयागराज के समस्त पदाधिकारियों ने सहभागिता में भाग लिया। बैठक का संचालन राज्य संगठन आयुक्त श्री रवि कान्त शर्मा के द्वारा किया गया और श्री संतोष बाजपेयी, सहायक राज्य सचिव एवं सहायक उप महाप्रबंधक ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों आदि सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। अन्त में राष्ट्रीय गान के साथ बैठक का समापन किया गया।

## प्रयागराज में सभी राजधानी, अलीगढ़ में वंदे भारत का होगा ठहराव, इस वजह से लिया गया फैसला

**प्रयागराज।** महाकुंभ से पहले प्रयागराज जंक्शन से गुजरने वाली सभी राजधानी एक्सप्रेस समेत 14 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव होगा। जबकि अलीगढ़ में वंदे भारत भी रुकेगी। वहीं, प्रयागराज जंक्शन पर नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत के ठहराव के समय को दो मिनट से बढ़ाकर चार मिनट किया जाएगा।इससे महाकुंभ में यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी। इससे पहले भी जीएम एनसीआर के साथ प्रयागराज मंडल के सांसदों की बैठक में यह मुद्दा उठा था और इस पर पहल शुरू हुई थी। इस समय प्रयागराज जंक्शन पर सियालदाह-नई दिल्ली, अगरतला-नई दिल्ली, रांची-नई दिल्ली समेत 14 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव नहीं है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

## सात महीना बच्चा का पिता से उठ गया छाया



**लालापुर।** क्षेत्र के बसहाई गाँव कुलदीप आदिवासी पुत्र रामबदन आदिवासी हीरो होंडा स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल से देर रात्रि अपने छोटे भाई को ढूंढ़ने के लिए घर से निकल कर जा रहा था की कुछ दूर गिधार गांव के आगे पहुंचा था कि इन दिनों जगह जगह सड़क पर हुए गड्ढे में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दूसरे तरफ से आ रही मैजिक डाला से भिड़ गई जिससे कुलदीप आदिवासी भयंकर रूप से घायल हो गया एवं उसके साथ बैठा दूसरा व्यक्ति वो नहर में जा गिरा जो काफी देर के बाद होश आने पर घर वालों को फोन किया जब घर वाले घटना अस्थल पर देखे तो कुलदीप अचेत लहू लुहान पड़ा था उसके बाद उपचार के लिए जसरा ले जा रहे थे कि रास्ते में ही कुलदीप (30) ने दम तोड़ दिया। कुलदीप मेहनत मजदूरी कर परिवार पालता था पत्नी फूलकली का रो रोकर बुरा हाल है चार बच्चे अनाथ हो गए। सबसे बड़ी बिटिया कोमल (8वर्ष )समीर(6वर्ष )परी (5वर्ष) सबसे छोटा बालक सात महीने का है। घटना की जानकारी होते ही थाना लालापुर प्रभारी अजय कुमार मिश्र अपने हमराहियों के साथ पहुंच कर लाश को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्र ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं जो भी संभव होगा मदद करुंगा। मृतक के पिता रामबदन ने बताया कि एक लड़का घर से नाराज़ होकर चला गया था उसी की खोज में ये निकला था कि दस मिनट में ही दिल दहला देने वाली खबर मिल गई। जिसे ढूंढने निकला था वो भी दूसरे जगह चुटहिल हो गया था।

## सृजन इंस्टिट्यूट ऑफ़पैरामेडिकल साइंस में मनाया गया एक्टिविटी डे


**प्रयागराज।** सृजन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द प्रयागराज मे बी.एस सी नरशिंघ सेकंड सेमेस्टर के बच्चों के द्वारा ०४३१३ङ्मल्ल प्रोग्राम पोषण कार्यक्रम कराया गया जिसमें बच्चों ने बड़ी मेहनत व उत्साह से बयंजन तैयार किया ।सभी व्यंजन को अलग अलग स्टाल पर सजाया गया ।जिसमे बच्चो द्वारा डायबिटीज, एनीमिया, हाइपरटेंशन, संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी एवं बीमारी से संबंधित आहार बनाकर आए हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज उपस्थित रहे एवं सम्मानित अतिथि संगीता सिंघल प्रधानाचार्य संस्कृति सीजन अकेडमी उपस्थिति रही एवं डॉ. मेहा अग्रवाल प्रसिद्ध गाइनेकोलॉजिस्ट सृजन हॉस्पिटल, कनिका अग्रवाल संचालन निदेशक ऑल सीजन ग्रुप उपस्थिति रही संस्था की प्राचार्य ॠतु तोबित जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया औरआयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया कि बच्चों के अंदर पढ़ाई के साथ साथ तमाम व्यावहारिक ज्ञान होना चाहिएऔर बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में आहार विशेषज्ञ कल्पना श्रीवास्तव भी उपस्थित रही संस्था के शिक्षक गण कर्मचारी गण अवनीश केवट, रीता सिंह, युवत कुमारी, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, निशि तिवारी, ज्योति श्रीवास्तव, प्रिंसु मिश्र, रत्नेश यादव, सौरभ मिश्रा,अतुल पाल ,डॉक्टर लेफ्टिनेंट योगेंद्र सिंहआदि उपस्थित रहे।


## गौहर काजमी जी व इरशाद उल्ला जी बनाए गए पर्यवेक्षक

**प्रयागराज।** एआईसीसी अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा रायबरेली एंव प्रतापगढ़ लोकसभा चुनावों के लिए राज्यसभा सांसद अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी के निर्देश पर गौहर काजमी जी एडवोकेट हाई कोर्ट को रायबरेली व इरशाद उल्ला को प्रतापगढ़ लोकसभा का पर्यवेक्षक बनाया गया है इस मौके पर परवेज अख्तर अंसारी राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्या विभाग ने हाईकमान को आभार व्यक्त करते हुए जनाब गौहर काजमी,व इरशाद उल्ला को मुबारकबाद दी मुबारकबाद देने वालो में शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मोहम्मद इरफान , अनूप सिंह, काजी अर्शी, अब्दुल कलाम आजाद, विनय पांडे, तस्लीमुद्दीन, जावेद उर्फी, मुन्ना जी,आदि रहे।

## शंकरगढ़ में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही : बीईओ

**शंकरगढ़।** बीएसए के निर्देश पर विकासखंड अंतर्गत बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ नए सत्र से अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बीईओ शिवऔतार ने बताया कि विकास खंड अंतर्गत बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऐसे लोग जो कक्षा 1 से 5 तक की मान्यता लेकर नर्सरी और 6 से 8 तक का संचालन तथा 6 से 8 तक की मान्यता पर नर्सरी से कक्षा 5 तक संचालन करेंगे तो भी कठोर कार्यवाही के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। साथ ही टीसी के अभाव में आयु संगत कक्षाओं में ही बच्चों का प्रवेश लेने तथा प्रवेश लेने से पहले अभिभावक से अस्वस्त कर लें।

# चुनाव में मातृशक्तियों को अहम भूमिका रहेगी : कविता यादव त्रिपाठी



**घूरपुर।** इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की पत्नी कविता यादव त्रिपाठी ने घूरपुर में स्थित पत्रकार कल्याण एसोसिएशन ऑफिस पर पहुंचकर चुनावी दौरे का शंखनाद ,कविता यादव त्रिपाठी ने पत्रकार कल्याण एसोसिएशन आफिस में पत्रकारों के के बीच पहुंचकर अपनी बातो को साझा किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी रही जबरदस्त जन समर्थन देखने को मिला मीडिया से मुखातिब होते हुए कविता यादव त्रिपाठी ने जीत के प्रति दिखी, और कहा बीजेपी अब की बार 400 के पार जायेगी और बीजेपी की जीत को सुनिश्चित करेगी यमुनापार विकाश को लेकर कहा की यमुनापार के विकाश तो हो रहा है. अगर कहीं कुछ कमियां है तो उसका विशेष ध्यान रखा जाएगा, यमुना पार में कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां पर बिजली पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है उसको लेकर के उन्होंने कहा की सरकार के द्वारा हर गांव गली मोहल्ले में बिजली और पानी की व्यवस्था कराई जा रही है अगर कुछ ऐसे क्षेत्र बचे हुए हैं या अभी हम उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, भविष्य में उनकी समस्या का निवारण किया जाएगा फिलहाल भाजपा सरकार बिजली पानी की व्यवस्था हर इलाकों गलियों में कर रही है, आवारा पशुओं को लेकर के कहा कि किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है,ये चिंतन का विषय है इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़ा : पीजीटी-टीजीटी परीक्षा में फेल थे, फिर भी जारी हुए नियुक्ति पत्र

**प्रयागराज।** इस फर्जीवाड़े का सरगना कौन है? इसका खुलासा पुलिस की जांच से होगा। पुलिस ने सभी आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में अब तक किसी से पूछताछ नहीं हुई है। फर्जी नियुक्ति पत्र के जरिये कानपुर के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में ज्वाइन करने गए सभी अभ्यर्थी पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) और ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) परीक्षा-2021 में फेल हो गए थे। वह प्रतीक्षा सूची में भी नहीं थे। फिर भी फर्जी तरीके से नियुक्ति पत्र जारी करवाए और कानपुर में डीआईओएस से मिलकर दो ने कॉलेज में ज्वाइन भी कर लिया। इस मामले के खुलासे के बाद अन्य जिलों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच होने लगी है। ऐसा खेल कई और जिलों में होने की संभावना है।

पीजीटी- टीजीटी भर्ती परीक्षा- 2021 में सीतापुर के गांव देवीपुर सिधौली निवासी अरविंद यादव, प्रयागराज के बी-23 जूही कॉलोनी म्योर रोड निवासी स्वाति द्विवेदी और कौवा बरांव करछना निवासी विनय सिंह, मिर्जापुर के बभनैया टोला महुअरिया निवासी आशीष पांडेय और नया शिवम बस्ती महुअरिया निवासी विनीता देवी, मुजफ्फरनगर के भेंडरा भंदूर निवासी नितिन कुमार, वाराणसी के कोइली ढढोरपुर निवासी रिक्षा पांडेय, मेरठ के मुल्ताननगर शेखपुरा निवासीस ज्योति यादव और आर-12 रामलीला ग्राउंड हस्तिनापुर की विनीता चौधरी शामिल हुए थे, लेकिन मेरिट में नहीं आए।

**नियुक्ति पत्र में दूसरे के अनुक्रमांक का किया गया प्रयोग**

इसमें सफल होने वालों को नियुक्ति दे दी गई। कुछ सफल अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया तो खाली रह गए पदों के सापेक्ष जुलाई 2023 में प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को मौका दिया गया। वह प्रक्रिया सितंबर तक पूरी हो गई। उसके बाद 18 अक्तूबर 2023 को इन अभ्यर्थियों ने कानपुर के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करवाया। फिर विनीता देवी ने 22 दिसंबर 2023 को और रिक्षा पांडेय ने दो मार्च को ज्वाइन कर लिया। इसके बाद सात अन्य को ज्वाइन करना था,लेकिन चुनाव आचार संहिता लग गई थी। फर्जी पत्र के जरिये अक्तूबर से मार्च तक नियुक्ति का प्रयास होता रहा। अप्रैल में प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान यह मामला खुला। इस फर्जीवाड़े के पीछे भर्ती माफिया का हाथ माना जा रहा है। हो सकता है कि उसने कई और जिलों में भी ऐसे नियुक्ति पत्र भेजे हों। इस प्रकरण के खुलासे के बाद सभी जिलों के डीआईओएस ने नई नियुक्तियों की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे कानपुर के संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि विनीता का दिसंबर से मार्च तक वेतन जारी हो गया था। विद्यालय के प्रबंधक ने उस धनराशि का चेक जमा करवा दिया है। इनके अभिलेखों की जांच से पता चला कि नियुक्ति पत्र में तीन ने दूसरे के अनुक्रमांक प्रयोग किया था।

**पुलिस की जांच में पकड़ा जाएगा सरगना :** इस फर्जीवाड़े का सरगना कौन है? इसका खुलासा पुलिस की जांच से होगा। पुलिस ने सभी आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में अब तक किसी से पूछताछ नहीं हुई है।

## नैनी मे गंगा महासभा की बैठक रविवार 5 मई को

**नैनी।** नैनी गंगा की स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता को लेकर गंगा महासभा प्रयागराज की मासिक बैठक रविवार 5 मई को अवंतिका कालोनी नैनी मे पाठक मार्केट चौराहा के पास हनुमान मंदिर के बगल मार्केट में शाम 5 बजे से आयोजित हैं। उक्त जानकारी देते हुए महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी गंगा भक्तों से बैठक में सक्रिय सहभागिता करने की अपील करते हुए कहाकि मां गंगा की स्वच्छता के नाम पर धन आवंटित होने के बावजूद वर्षों से शवदाहगृह का निर्माण नहीं हो सका, ऐसे में गंगा की स्वच्छता को लेकर केवल प्रचार पर धन खर्च किया जा रहा है। कुछ ऐसा ही हाल एसटीपी का भी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के हाथों देश सुरक्षित- डॉ विनोद बिंद



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र भदोही से प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद द्वारा प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशाराम तिवारी एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशुतोष त्रिपाठी के आवास लोढ़ीडीह उग्रसेनपुर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में डॉ विनोद बिंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु जनसमर्थन मांगा। डॉ विनोद बिंद ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए 25 मई को कमल का बटन दबाकर खुद को सांसद बनाने हेतु अपील करते हुए देश प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु योगदान देने को कहा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों देश सुरक्षित है।प्रत्याशी द्वारा विधानसभा के विभिन्न गांवो का दौरा किया गया जहां नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई साथ ही यह भी बताया कि भाजपा की सरकार गांव गरीब किसान के साथ महिलाओं बुजुर्गों सभी का ध्यान रख रही है, हमारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। प्रधानमंत्री आवास से लेकर जन-धन योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, और नल जल योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। वहीं गृहणियों को मिलने वाले सस्ते दर पर गैस सिलेंडर का भी जिक्र किया।इस अवसर पर विधान सभा प्रभारी इंद्र कुमार सिंह, अरुण सिंह, ईश्वर चंद्र बिंद, कमला प्रसाद पांडेय मंडल अध्यक्ष, मनोज पाठक, हरिगेंद्र सिंह, सूबेदार सिंह, रामचंद्र मिश्रा, डब्बू डूबे, श्यामधर शर्मा, देवेंद्र, शिवेश तिवारी, मयंक मिश्र, डिंडर पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने बूथों पर विजय के लिए भरी हुंकार : दीप द्विवेदी



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत के निमित्त आज शहर दक्षिणी विधानसभा के मीरापुर मंडल में शक्ति केंद्र संयोजकों प्रभारियों एवं मंडल पदाधिकारियों की एक बैठक मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। दक्षिणी विधानसभा के बूथ प्रबंधन का कार्य देख रहे दीप द्विवेदी ने बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में मंडल से 100 प्रतिशत बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा साथ ही आगामी होने वाले अन्य सम्मेलनों में सामाजिक वर्गों की सूची बनाना, पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी को लगने के लिए कहा। लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों से पोलिंग एजेंट बनाकर पोलिंग की व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रणविजय सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क में निकलने को कहा और मंडल से भाजपा प्रचंड जीत हासिल करेगी ऐसा विश्वास दिलाया। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद व फूलपुर से हुए पांच-पांच नामांकन अब तक 20 पर्चे हो चुके हैं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को पांच-पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किए। हालांकि राष्ट्रीय या प्रदेश में मान्यता प्राप्त पार्टी के किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। इलाहाबाद सीट के लिए भाजपा के नीरज त्रिपाठी, कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह समेत छह लोग पहले ही नामांकन कर चुके हैं। निर्दलीय कमलेश केसरवानी एवं सरोज पटेल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के हेमराज सिंह, भागीदारी पार्टी (पी) के राजेंद्र प्रसाद प्रजापति तथा अपना कमेरावादी के हंसराज ने नामांकन किया। इस तरह से इलाहाबाद सीट के लिए अब 11 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।नौ नामांकन फार्म भी ले गए। इस तरह से अब तक कुल 53 लोग फार्म ले जा चुके हैं।फूलपुर के लिए भाजपा के प्रवीण पटेल समेत चार प्रत्याशी पहले ही नामांकन चुके हैं। वहीं शुक्रवार को निर्दलीय जितेंद्र कुमार एवं अजीत सिंह, युवा विकास पार्टी के संजीव मिश्रा, बहुजन मुक्ति पार्टी के नफीस अहमद तथा भागीदारी पार्टी (पी) के सुनील कुमार ने नामांकन किया। इस




तहर से इस सीट के लिए अब तक नौ प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। शुक्रवार को नौ लोग नामांकन फार्म भी ले गए। इस तरह से फूलपुर के लिए भी अब तक 49 लोग फार्म ले जा चुके हैं।

### बसपा और सपा उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन :

नामांकन के छठे दिन फिर कलेक्ट्रेट के बाहर तथा आसपास के क्षेत्रों में गहमा-गहमी रहने के आसार हैं। शनिवार को सपा के अमर नाथ मौर्य के साथ बसपा के दोनों उम्ममीदवार जगन्नाथ पाल एवं रमेश पटेल भी नामांकन करेंगे। ऐसे में इनके समर्थकों की भीड़ जुटने की भी उम्मीद है। ऐसे में कलेक्ट्रेट के आसपास के क्षेत्रों में लोगों को जाम का सामना भी करना पड़ सकता है। भाजपा के नीरज त्रिपाठी ने इलाहाबाद तथा प्रवीण पटेल ने फूलपुर के लिए एक मई को नामांकन किया। उसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रोड शो भी किया था। इसकी वजह से शहर के बड़े हिस्से में जाम की स्थिति रही। अब इंडिया गठबंधन के तहत फूलपुर सीट पर अमरनाथ मौर्य सपा के सिंबल पर नामांकन करेंगे। अमरनाथ के नामांकन के दौरान भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है। ऐसे में यह जुलूस का भी रूप ले सकता है। इनके अलावा बसपा के जगन्नाथ पाल फूलपुर तथा रमेश पटेल इलाहाबाद से नामांकन करेंगे। इनके नामांकन में भी समर्थकों के जुटने और नारेबाजी की उम्मीद है। पार्टी के जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी ने बताया कि दोनों प्रत्याशी एक साथ शनिवार को नामांकन करेंगे।

## कांग्रेस के इरशाद उल्ला बनाए गए पर्यवेक्षक

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से इरशाद उल्ला को प्रतापगढ़ का पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं गौहर काजमी को रायबरेली का पर्यवेक्षक बनाया गया है। प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव परवेज अख्तर अंसारी, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, मोहम्मद इरफान आदि ने इन नेताओं को यह जिम्मेदारी दिए जाने पर खुशी जताई।

## कांग्रेस के महासचिव आज करेंगे बैठक

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी शनिवार को जिले में होंगे। वह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान की समीक्षा करेंगे। प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया कि इसके बाद वह मिर्जापुर के लिए रवाना होंगे।

## रेलवे महिला कल्याण समिति, प्रयागराज मण्डल द्वारा रेल कर्मी सम्मानित

**प्रयागराज।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में प्रयागराज मण्डल की रेलवे महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती तरुणा प्रकाश ने मण्डल कार्यालय के ऑडिटोरियम में 20 वर्ष या अधिक वर्षों से कार्यरत ईमानदार लेवल -1 के 71 समर्पित और परिश्रमी रेलवे कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल थी।

उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल ने कहा किसी भी संगठन की सफलता संगठन के समर्पित कर्मचारियों पर निर्भर करती है। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल की रेलवे महिला कल्याण समिति की सचिव श्रीमती चेतना इंगे, उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती रिचा वर्मा के साथ-साथ संगठन की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।



## हाईकोर्ट समाचार

### सांसद अफजाल अंसारी को झटका, हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई टली, लोकसभा चुनाव लड़ने पर मंडराया खतरा



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाहुबली मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी तगड़ा झटका लगा है। अफजाल अंसारी के मामले में तीन मई को हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई तकनीकि कारणों से स्थगित होगी। मामले की सुनवाई अब 13 मई को होगी। सुनवाई न हो पाने के कारण अब अफजाल के लोकसभा चुनाव लड़ने पर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। सपा ने अफजाल को गाजीपुर से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट में बृहस्पतिवार को गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह को बताया गया कि अफजाल अंसारी को मिली सजा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने भी अपील दाखिल की है। इस पर कोर्ट ने दोनों अपील एक साथ शुक्रवार (3 मई 2024) को सुनवाई के लिए पेश करने का निर्देश दिया था।भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड मामले में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में अफजाल अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए चार साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके खिलाफ अपील दाखिल की गई है। हाईकोर्ट ने जमानत मंजूर की, लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई। इससे अफजाल की संसद से सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाते हुए अपील पर जल्द सुनवाई का आदेश दिया था। उधर, राज्य सरकार ने भी सजा बढ़ाने की मांग में अपील दाखिल की है।

### असदुद्दीन ओवैसी पर गोली चलाने के आरोपियों को दो लोगों को मिली जमानत



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के वाहन पर गोली चलाने के आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की अदालत ने सचिन शर्मा व अन्य की ओर दाखिल जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए दिया है।मामला 3 फरवरी 2022 का है। कार से ओवैसी मेरठ से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान एक टोल प्लाजा के पास उनके वाहन पर गोलीबारी की गई। वह सुरक्षित बच गए। हमलावर मौके से भाग निकले। हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में सचिन शर्मा और शुभम गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को जुलाई 2022 में उच्च न्यायालय ने जमानत दी थी। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेशों को रद्द कर दिया। कहा था कि अपराध की गंभीरता पर उच्च न्यायालय ने विचार नहीं किया था। इसके बाद मामले को नए सिरे से निर्णय के लिए भेज दिया गया।शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। कहा कि सीसीटीवी फुटेज के अलावा जांच अधिकारी की ओर से कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर मौके पर आरोपी की उपस्थिति की पुष्टि की गई थी। कोर्ट ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में देखे गए व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि और वास्तविक तस्वीरों के साथ मिलान की सामग्री प्रथम दृष्टया केस डायरी से गायब प्रतीत होती है। ऐसे में आवेदकों को विचाराधीन अपराध से जोड़ने वाले साक्ष्य प्रथम दृष्टया कमजोर हैं। आरोपी 04 फरवरी 2022 से जेल में हैं। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इस आधार पर कोर्ट ने जमानत का हकदार मानते हुए रिहा करने का आदेश दिया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के हलफनामे पर हाईकोर्ट नाराज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से दाखिल हलफनामे को लेकर नाराजगी जताई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक याचिका में दाखिल जवाबी हलफनामे के 15 पृष्ठ में से 10 पृष्ठ तक केवल कानूनी उपबंधो व कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया है। शेष पांच पृष्ठ में याचिका के तथ्यों का कोई जवाब न देने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई। इस पर एनएचएआई के अधिवक्ता प्रांजल मेहरोत्रा ने कोर्ट से पूरे तथ्य के साथ फिर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। कोर्ट को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह का जवाब दाखिल नहीं करेंगे। राज्य सरकार के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसे स्वीकार करते हुए

### अधिवक्ता ने कोर्ट को दिया आश्वासन, भविष्य में नहीं देंगे ऐसा हलफनामा

कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के 7 दिसंबर 2021 के पत्र के अनुसार बताएं कि क्या जमीन का चिन्हांकन किया गया है या नहीं। याचिका पर अगली सुनवाई कोर्ट 24 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम के गुप्ता तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने बरेली के राजेश्वर सिंह व एक अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याची का कहना है कि सड़क के लिए जितनी जमीन अधिगृहीत की गई है उससे अधिक जमीन पर निर्माण किया गया है। जिसका मुआवजा भी नहीं दिया गया है।एन एच एआई ने अपने जवाबी हलफनामे में इसका कोई जवाब नहीं दिया था।

## उधार चुकता करने के बहाने से शातिरों ने उड़ाई रकम

**प्रयागराज।** साइबर शातिरों ने उधार चुकता करने के बहाने से एक युवती के खाते से 45 हजार रुपये उड़ा दिए। जब युवती ने पैसा आने के बजाए रकम निकलने की शिकायत की तो शातिर ने मोबाइल बंद कर दिया। शिकायत पर खुल्दाबाद पुलिस के दर्ज कर जांच कर रही है।चकिया निवासी नारायणदास वैश्य ने तहरीर दी है कि उनके बेटी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से काल आयी। शातिर ने नाम पूछा इसके बाद कहा कि आपके पापा से 15 हजार र उधार लिया था। अब पापा ने कहा है कि बेटी के खाते में ट्रांसफर कर दो। इसके बाद शातिर ने युवती के खाते में रकम भेजने की बात कही। कुछ ही देर में शातिर ने कहा कि गलती से आपके खाते में 50 हजार रुपये चला गया है। आप वापस कर दो। युवती ने विश्वास कर रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद युवती ने अपने खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि कोई रकम नहीं आई है। युवती ने कॉल किया तो शातिर ने फोन कर दिया। तब युवती को धोखाधड़ी का पता चला। तहरीर पर खुल्दाबाद पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## नैनी में सरस्वती हाईटेक सिटी के पास शुरू हुआ सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण

**नैनी।** नैनी स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी में मिर्जापुर रोड के पास। महाकुंभ- 2025 के तहत नैनी और फूलपुर में बन रही इनररिंग रोड पर नैनी की तरफ एक नए फ्लाईओवर का निर्माण शुरू हो गया है। यह फ्लाईओवर नैनी स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी में मिर्जापुर रोड के ऊपर बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 1.1 किलोमीटर होगी। इस फ्लाईओवर के निर्माण से हाईटेक सिटी को किसी प्रकार की हानि नहीं होगी। इसके अलावा लोगों को यातायात में काफी सहुलियत मिलेगी। वहीं पलाईओवर का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूरा होना है। दरअसल इनर रिंग रोड के निर्माण में सरस्वती हाईटेक सिटी का निम्माण कर रही यूपीसीडा की तरफ से आपते दाखिल की गई थी। उसका कहना था कि इनर रिंग रोड के निर्माण से हाईटेक सिटी दो खंडों में बंट जाएगी। इसकी वजह से काफी नुकसान होगा। वहीं इस आपत्ति पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक सिक्स लेन पुल का प्रस्ताव साल की शुरूआत में भेजा था, जिसे आचार संहिता लगने से पहले ही मंजूरी मिल गई। जिसके बाद फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कर दिया गया। यह फ्लाईओवर सरस्वती हाईटेक सिटी के ऊपर से होकर गुजरेगा। यह पुल सिंगल




पिलर पर तैयार किया जाएगा। वहीं पुल की समाप्ति पर करीब आधा किलोमीटर का अंडर पास होगा। ऐसे में फ्लाईओवर के निर्माण से यातायात सुगम हो जाएगा। इसके अलावा हाईटेक सिटी के निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से पिता की मौत, बेटा गंभीर



**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में ट्रैक्टर की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया ' दुर्घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगो की भिड़ जमा हो गई लोगो ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया ' सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वार्ड नंबर 4 हंडिया निवासी जुम्मन उम्र 60 वर्ष जो कि कस्बा में ही टेलर का काम करते थे ' अपने बेटे के साथ स्कूटी से सामान लेने बाजार गए थे कि जीटी रोड मानस हाल गेट के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही बालू लदी ट्रैक्टर ने उन्हें जोर दार टक्कर मार दी जिससे जुम्मन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया 'शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दुर्घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगो की भिड़ जमा हो गई लोगो ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया ' सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ई फाइलिंग मामले में बार एसोसिएशन ने कमेटी बनाई

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिलों से याचिकाओं की ई फाइलिंग का मामला चर्चा में आ गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इसे लेकर विरोध की तैयारी में है। बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने इस मामले पर बैठक कर एक कमेटी का गठन किया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी का कहना है कि ई फाइलिंग के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गहनता से विचार विमर्श किया जा रहा है। हाईकोर्ट बार इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सहयोग से विधिक तरीके से आगे बढ़ेगा। सभी बार एसोसिएशन को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर विचार हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में इंप्लीडमेंट व रिव्यू पिटीशन दाखिल करने की भी तैयारी है। बार एसोसिएशन का कहना है कि सुप्रीम

### बार एसोसिएशन अब सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर सकता है

कोर्ट से मांग की जाएगी कि प्रत्येक जिले की बजाए हर हाईकोर्ट में डिजिटलाइजेशन सेंटर खोले जाएं। बार मांग करेगा कि हाईकोर्ट बार के सदस्यों के सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जाए।

इसमें उनका बार कौंसिल रजिस्ट्रेशन नंबर, एडवोकेट रोल आदि को सत्यापित किया जाए। इसके लिए तथ्य व अन्य जरूरी सामग्री एकत्र करने के लिए महासचिव विक्रांत पांडेय की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी व सुभाष चंद्र यादव, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत शुक्ल को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

# सिगरेट मांगने पर दोस्तों में चाकूबाजी

### नशे में दोनों ने जाम टकराया, फिर मारपीट करने लगे; छीनाझपटी में हुए लहूलुहान

**प्रयागराज।** प्रयागराज के गंगापार इलाके के मऊआइमा थाना क्षेत्र के हरखपुर चौराहे पर देर रात शराब के नशे में धुत दो दोस्तों में चाकूबाजी हो गई। दोनों दोस्तों के बीच झगड़ा सिगरेट को लेकर हुआ। एक दोस्त सिगरेट का कश लगा रहा था तो दूसरे दोस्त ने मांग ली। न देने पर दोस्तों के बीच कहासुनी हुई, फिर मारपीट होने लगी। बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि एक दोस्त ने चाकू निकला ली। चाकू छीनने के चक्कर में दोनों दोस्त लहूलुहान हो गए। फिलहाल पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। हरखपुर गांव का रहने वाला 21 वर्षीय हीरा लाल यादव हरखपुर चौराहे पर गुमटी में अंडा और गुटखा की दुकान लगाता है। उसके गांव का ही दोस्त लालू प्रसाद रोज दुकान पर आकर बैठता है। देर रात तक दोनों ने शराब पी। शराब के नशे में धुत हीरालाल



और लालू के बीच सिगरेट को लेकर गाली-गलौज होने लगा। लालू प्रसाद सिगरेट के कश लगाने लगा तो हीरा लाल उससे मांगने लगा। न देने पर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। हीरा लाल ने चाकू निकाल कर हमला कर दिया। छीनाछपटी में दोनों को चाकू लगा और जख्मी हो गए। हंगामा होने पर आसपास के लोग पहुंचे। तब जाकर विवाद शांत हुआ। चाकू के हमले में हीरा लाल ज्यादा जख्मी हुआ है जबकि लालू मामूली रूप से घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हीरा लाल को सीएचसी मऊआइमा में भर्ती कराया है। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि शराब के नशे में एक-दूसरे पर चाकू से हमला किया गया है। दोनों जख्मी है। कार्रवाई की जा रही है।

# श्रीमद् भागवत : जगत गुरु रामानंदाचार्य ने सुनाई गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन रामावतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर ऊँचडीह गांव निवासी पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर आज से सात दिवसीय संगीत मयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन की कथा में मुख्य कथा वाचक अंतराष्ट्रीय कथा व्यास जगत गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्री बल्लभाचार्य महाराज के द्वारा 3 मई को गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन रामावतार एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। इस दौरान सुंदर मनोहारी व आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। कथा के मुख्य यजमान पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म



नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती रही। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती मंजू त्रिपाठी उत्तम पांडेय राहुल शुक्ला दिनेश तिवारी तथा विनय शुक्ला रहे। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी बंधु परिवार के श्री राम कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कथा बुधवार को शुरू हुई जिसका समापन देर शाम तक हुआ। अगले दिन की कथा 4 मई शनिवार को माखन चोरी चीर



हरण एवं गोवर्धन धारण महाराज व कंसोद्धर पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शांम 4 बजे से 7 बजे रात तक होगी । श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर कथा को श्रवण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## शंकरगढ़ में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही : बीईओ शिवऔतार

**शंकरगढ़।** बीएसए के निर्देश पर विकासखंड अंतर्गत बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ नए सत्र से अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बीईओ शिवऔतार ने बताया कि विकास खंड अंतर्गत बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऐसे लोग जो कक्षा 1 से 5 तक की मान्यता लेकर नर्सरी और 6 से 8 तक का संचालन तथा 6 से 8 तक की मान्यता पर नर्सरी से कक्षा 5 तक संचालन करेंगे तो भी कठोर कार्यवाही के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। साथ ही टीसी के अभाव में आयु संगत कक्षाओं में ही बच्चों का प्रवेश लेने तथा प्रवेश लेने से पहले अभिभावक से अस्वस्त कर लें कि बच्चा किसी अन्य परिषदीय, मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त विद्यालय में नामांकन कराया तो नहीं है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से आवाहन किया है कि अपने-अपने बच्चों का नामांकन केवल परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में ही करना सुनिश्चित करें।

# खीरा विक्रेता के ठेले में अप्पे ने मारी टक्कर, महिला समेत दो घायल



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल की बगिया में खीरे के ठेले में गुरुवार देर रात अनियंत्रित अप्पे ने टक्कर मार दी। इससे खीरा विक्रेता और खरीदारी कर रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने अप्पे को पलटाकर तोड़फोड़ भी की। नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल की बगिया स्थित हनुमान मंदिर के पास गुरुवार देर रात एक सब्जी विक्रेता ठेले पर खीरा बेच रहा था। वहीं, एक महिला ठेले से खीरा खरीदने लगी। उसी दौरान मेवालाल से सरगम की ओर जा रही तेज रफ्तार अप्पे चालक ने ठिले में जोरदार टक्कर मार दी। खीरा विक्रेता और महिला घायल हो गई। दुर्घटना के बाद घायल हुए लोगों को हॉस्पिटल भेजा गया।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी संगम लाल ने किया नामांकन

## नामांकन के साथ भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन, रही भारी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के नामांकन में प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। इसके पहले भाजपा ने नामांकन में शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास किया था। आईटीआई परिसर में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया था जिसे सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनने जा रहे हैं।



नामांकन पत्र दाखिल करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

उन्होंने कहा कि देश की जनता मोदी पर बहुत ही भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में जितनी पार्टी शामिल हुई है एक दूसरे की धुर विरोधी है लेकिन मोदी का विजय रथ रोकने के लिए एकत्रित हुए हैं। 10 सालों में उत्तर प्रदेश में गुंडाराज समाप्त हुआ है और विकास तेजी से हुआ है। विपक्ष के सरकार में लाल टोपी वाले दूसरे की जमीन पर कब्जा करने का काम किए थे। योगी की सरकार में भ्रष्टाचारी माफियाओं पर सरकार का बुलडोजर चल रहा है गुंडे और माफिया डर के मारे कांपते हुए नजर आ रहे हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि मोदी की सुनामी में इस बार भाजपा 400 पार करेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी ने साइकिल को 2014 में ही पंचर कर दिया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली भागे हैं, वह वायनाड से भी हारेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश को लोकतंत्र व संविधान से खतरा नहीं हुआ। इस दौरान पूर्व सीएम ने सांसद संगम लाल गुप्ता के साथ नामांकन स्थल पर गये और सांसद के नामांकन के दौरान मौजूद रहे। जनसभा के मंच पर पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, रानीगंज के पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, भाजपा नेता केके सिंह, भाजपा नेता संतोष मिश्रा, भाजपा नेता ओमप्रकाश त्रिपाठी भाजपा, जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा की रुचि केसरवानी, लोकसभा की महिला प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, रमा मिश्रा, नीलम हिन्द, सुशीला सरोज, प्रमिला, पिंकी आदि लोग मौजूद रहे। चुनावी सभा का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।

## छह प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज पांचवे दिन छह प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें संगम लाल गुप्ता सुत कड़ेदीन, भारतीय जनता पार्टी-प्रथम बार एक सेट तथा द्वितीय बार तीन सेट, प्रथमेश मिश्रा सुत शिव प्रकाश मिश्रा-बहुजन समाज पार्टी तीन सेट, देवी प्रसाद सुत जवर-राष्ट्रीय जनशान्ति पार्टी ने एक सेट, रामसिद्ध यादव सुत स्व0 छोटेलाल यादव-मानवतावादी समाज पार्टी ने एक सेट, महेश कुमार प्रजापति सुत बुद्धिराम-समझदार पार्टी ने एक सेट व हरिकेश बहादुर पाण्डेय सुत राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय-निर्दलीय ने एक सेट में नामांकन किया।

## मतपेटिकाओं को सुरक्षित रखने व मतगणना कराने की तैयारी शुरु

### मतगणना स्थल की सफाई में लगे 50 सफाई कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आगामी 25 मई को प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में मतदान के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित स्थान पर रखने तथा वहां मतगणना कराने के लिये प्रशासन तैयारी में जुट गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देशन में चिलबिला व महुली के बीच में मण्डी समिति में सफाई का कार्य शुरु हो गया है। इसके लिये नगर पालिका ने 50 सफाई कर्मचारी लगाए हैं।

आज पहले दिन पूरे परिसर में उगी घासों को फावडे से काटकर हटाया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि फावड़े से निकली गंदगी को कल ट्रैक्टर लगाकर उठा लिया जाएगा। गुरुवार को एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने महुली मण्डी का निरीक्षण किया था। बता दें कि जिलाधिकारी ने पूरे मण्डी समिति को साफ-सुथरा रखने का निर्देश दिया है। इसके तहत अभी पूरी मण्डी को साफ करने में कई दिन लगेंगे।



मतगणना स्थल की सफाई करते नगर पालिका कर्मचारी।

## दूल्हे को जान से मारने की मिली धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के जोगापुर इलाके में दूल्हे को स्नाइपर गन से शूट करने की धमकी दी। अज्ञात लोगों ने घर के दरवाजे पर चिट्ठी बम फेंकी। इस दौरान शगुन के लिए लगे बांस व कलश को तोड़ा। बता दें कि आज दूल्हे को बरात लेकर कंधई थाना इलाके में जाना था। बीती रात दूल्हे की मेंहदी राम हुई थी। बता दें कि 8 दिसंबर को भी बाइक से तीन लोग घर पहुंचे थे और असलहा दिखाकर बरात न ले जाने की धमकी दी थी। चिट्ठी बम व धमकी से दहशत में पूरा परिवार है। इस दौरान दूल्हे व माता पिता ने शादी करने से इन्कार कर दिया। एसपी से शिकायत पर घर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी सतपाल अंतिल ने मामले की जांच का आदेश दिया है।

## आज आएंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय सचिव

### जिलाध्यक्ष ने नेताओं के स्वागत के लिये किये व्यापक इंतजाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(एआईसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उ.प्र. अविनाश पाण्डे एवम राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ राजेश तिवारी शनिवार मई को दिन में एक बजे इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल के समर्थन में स्थानीय शैल श्याम पैलेस में संगठन की एक बैठक में शामिल होंगे।

महासचिव अविनाश पांडेय संगठनात्मक बैठक के साथ साथ कांग्रेस पार्टी एवम सामाजवादी पार्टी के बीच समन्वयव बैठक को संबोधित करेंगे।



इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी

बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर संजय तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान जी, महासचिव श्री मुकुंद तिवारी एवम प्रदेश सचिव राकेश मौर्या भी मौजूद रहेंगे। बैठक को सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही नेताओं के स्वागत हेतु व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अमेठी-प्रतापगढ़ बार्डर से कार्यक्रम स्थल तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की तैयारियां की गई हैं। यह जानकारी डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष प्रभारी-प्रशासन एवं कार्यक्रम, जिला कांग्रेस कमेटी ने दी।

## मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर में लगे ताले को तोड़कर सास व देवर ने कब्जा कर लिया।

विरोध करने पर मारने पीटने की धमकी देते हुए भगा दिए। पीड़िता ने मामले में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार की रहने वाली माधुरी मिश्रा ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पीड़िता का पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है और पीड़िता घर में अकेली अपने बच्चों के साथ रहती है। उसकी सास व देवर ने मिलकर घर में लगे ताले को तोड़कर कब्जा कर लिए। पीड़िता किसी काम से ताला बंद कर बाहर गई थी। इसी का फायदा उठाते हुए सास व देवर कब्जा कर लिए पीड़िता जब वापस आई तो उसे घर से धक्के मार कर बाहर कर दिया गया। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष को जांचकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जुट जाएं कार्यकर्ता: कांति सिंह

### सपा नेत्री ने रानीगंज विधान सभा क्षेत्र में भ्रमण कर मांगा समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने नामांकन के बाद अपना चुनाव प्रचार की गति तेज कर दिया है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन में पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के बीरापुर, गीता नगर, कैलीडीह सहित दर्जन भर क्षेत्रों में भ्रमण कर पार्टी के समर्थन में सहयोग की अपील करते हुए लोस के इण्डिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को भारी मतों से जिताने की अपील की।



गीता नगर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

इसके उपरांत सपा नेत्री रानीगंज विधानसभा में लोस चुनाव कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक कर इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने हेतु अपने अपने क्षेत्रों में पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से जुट जाने की बात कही। इसके उपरांत सगरा सुंदरपुर व मांधाता क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के बुढ़े बुर्जुगों से आर्शीवाद लिया। इस मौके पर प्रदीप यादव, शैलेंद्र यादव, रवींद्र यादव, घनश्याम यादव, बबलू पटेल, अनूप कुमार, अरविंद सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## महिला की पिटाई को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर महिला की पिटाई व तोडफोड तथा धमकी को लेकर पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय रायजू निवासी बलराम कोरी की पत्नी मीना देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस अप्रैल को गांव के दुखी कोरी के पुत्र भीम व भीम की पत्नी कुसुम तथा पुत्रियां ज्योती, प्रीती व कान्ती उसके निर्माण कार्य को लेकर विरोध करने लगी। पीड़िता ने मना किया तो आरोपियो ने लाठी डंडे से उसे गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियो ने उसकी दीवार ढहा दी। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भीम समेत पांच के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

## खूनी संघर्ष में युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डूबकी मे आपसी रंजिश में दो पक्षो में खूनी संघर्ष हुआ। इस दौरान एक पक्ष द्वारा गोली मारी गई जिसे कुछ लोग गम्भीर हालत मे बाघराय अस्पताल ले भागे लेकिन स्थिति गम्भीर देख डाक्टरो ने स्वरूपरानी हास्पिटल प्रयागराज रेफर कर दिया। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति की मारपीट मे मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## छात्रा के साथ छेडछाड़ व मारपीट को लेकर मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छात्रा के साथ रास्ते में छेडछाड तथा मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के घूरीपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र स्व. रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली मई को उसकी सत्रह वर्षीया बेटी सगरा सुंदरपुर के एक स्कूल से पढ़ाई कर शाम करीब साढे छः बजे घर वापस आ रही थी। सागरपुर व घूरीपुर की बाग में पहले से मौजूद गांव के आरोपी गिरिजाशंकर सरोज के पुत्र शिवा सरोज तथा आंशू सरोज तथा हरिशंकर के पुत्र मोनू व जगेसर के पुत्र हरिशंकर ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर छेडखानी करने लगे। पीडिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा तथा कपड़े फाड़ दिये। शोर मचाने पर पीडिता का पिता मौके पर पहुंचा तो आरोपियो ने उसे भी मारापीटा। लोगों को जुटता देख आरोपी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते चले गये।

## दो स्कूलों में फायर ब्रिगेड ने छात्रों को बताया आग से बचाव का तरीका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के विद्यालयों में अग्निशमन निकासी ड्रिल/फायर ड्रिल कराकर जागरूकता प्रदान किये जाने के क्रम में आज शुक्रवार को आत्रेय एकेडमी, फुलवारी कटरा रोड प्रतापगढ़ व बीबीएस एकेडमी, फुलवारी कटरा रोड प्रतापगढ़ के स्टाफ व छात्र/छात्राओं को मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजू एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी तथा लीडिंग फायरमैन राधेश्याम दूबे द्वारा अग्नि सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल/निष्क्रमण योजना ड्रिल कराकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्निदुर्घटना ग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया तथा एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर से तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं से आग बुझाने का अभ्यास कराया गया। गर्मी में लगने वाली आग के कारणों और उससे बचाव की जानकारी दी गयी। उपरोक्त कार्यकम में विद्यालय के छात्र/छात्राएं, अध्यापक, प्रधानाचार्य, अन्य स्टाफ मौजूद रहे। फायर सर्विस की टीम में फायरमैन सत्यप्रकाश यादव अमित सिंह, बिजय बहादुर यादव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा फायर सर्विस यूनिट की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



स्कूल में आग बुझाने की जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी।

## पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ की लाठी डंडे से पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ को रास्ते में रोककर लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया, जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अधेड़ को इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहां से मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मामले में दो नामजद तथा अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैनपुर निवासी 50 वर्षीय मिथिलेश सिंह दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा स्थित पेट्रोल पंप पर काम करता है। गुरुवार की रात 8 बजे के करीब पेट्रोल पंप से बाइक लेकर घर आ रहा था। घर पहुंचने के पूर्व नावेल स्कूल के पास पहले से घात लगाये आधा दर्जन लोग लाठी डंडा लेकर हमलावर हो गये, जिसमें मिथिलेश सिंह को जमकर मारा पीटा और अधमरा करके आरोपी मौके से फरार हो गये। बाद में मौके पर परिजनों सहित गांव के लोग इकट्ठा होने पर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ ले गये । जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ भेज दिया गया वहां स्थिति में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दो लोगों से पुराना विवाद है। पीड़ित ने दो नामजद तथा छह अज्ञात लोगों के खिलाफ दिलीपपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में काफी समय से विवाद चल रहा था मारपीट हुई है मामले की जांच की जा रही है।

## परियावां रेलवे स्टेशन का आवागमन हुआ बहाल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर मानिकपुर रेलवे स्टेशन से लेकर अरखा तक रेलवे ट्रैक पर लगा पुराना स्लीपर को हटाकर नया स्लीपर लगाया गया जिससे ट्रेन की स्पीड को रेल विभाग बढ़ा सके।

जानकारी करने पर परियावां स्टेशन अधीक्षक चेतन शुक्ला ने बताया कि गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन से अरखा रेलवे स्टेशन तक रेलवे ट्रैक पर लगे पुराने सीमेंट के लगे स्लीपर को हटाकर नया स्लीपर लगाया गया जिसके चलते परियावां 35 सी रेलवे फाटक आवागमन के लिए गुरुवार की शाम 6 बजे से शुक्रवार की शाम 6 बजे तक बाधित रहा है जो कार्य पुरा होने पर आवागमन बहाल कर दिया गया।

स्टेशन अधीक्षक चेतन शुक्ला ने बताया रेलवे ट्रैक का स्लीपर बदल जाने से रेल विभाग इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों की स्पीड बढ़ा सकता है क्योंकि वन्दे भारत ट्रेन हाई स्पीड की ट्रेन अपनी स्पीड से पुरी नही दौड़ पा रही है। अगले वर्ष से संभव है कि अरखा से फाफामऊ तक रेलवे लाइन के दोहरी करण का कार्य सब कुछ ठीक रहा तो शुरु हो जायेगा 35 सी रेलवे फाटक पर ऑटोमैटिक गेट भी आ गया है जिसको लगना बाकी है।



रेलवे स्टेशन पर नया स्लीपर लगाते रेलवे कर्मी।

## भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु, चखा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जन कल्याण की कामना के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम में भण्डारे का आयोजन हुआ। वही आयोजको द्वारा बाबा के भव्य श्रृंगार आरती में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि व पं. वीरेन्द्रमणि के मंत्रोच्चारण के मध्य सामूहिक आरती पूजन में लोक मंगल की श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की। भण्डारे का आयोजन समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल ने किया। सह संयोजक शशिभूषण शुक्ल ने देवाधिदेव महादेव का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर आइन्सटीन पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रुति शुक्ला, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. सौरभ मिश्र, राकेशचंद्र तिवारी, हरीश मिश्र, मनोज ओझा, महेन्द्र पाठक आदि रहे। इधर नगर के अझारा वार्ड में भी श्रीमदभागवत कथा को लेकर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन प्रवीण कुमार मिश्र व श्रवण कुमार मिश्र तथा निर्मला मिश्र ने किया। आयोजकों द्वारा कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे तथा यज्ञाचार्य पं. शिवानंद मिश्र का सम्मान भी किया गया।

# कौशाम्बी संदेश

# फौजी के परिजन मांग रहे इंसाफ दो दिन से घर में रखे हैं शव

**आरोपियों पर आईपीसी की धारा हत्या 302, का मुकदमा दर्ज नहीं होगा तो अंतिम संस्कार नहीं होगा, फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र में 2 दिन पहले ससुराल में फौजी की संदिग्ध दशा में हुई थी मौत**



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 11 के फौजी की 1 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी ससुराल में मौत हो गई थी फौजी के परिजनों ने उसकी पत्नी मानश्री और श्याम सिंह सहित कई लोगों पर साजिश कर हत्या का आरोप लगाया और मुकदमा दर्ज कर कारवाई की मांग की किंतु घटना स्थल क्षेत्र फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना पुलिस ने फौजी के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा न लिखकर मनमर्जी मुकदमा लिखकर थाना पुलिस ने खेल कर दिया है जिससे फौजी के परिवार के लोग आक्रोशित हो गए हैं फौजी घनश्याम पुत्र हरी लाल का शव नगर पंचायत अझुवा पहुंचा तो परिजनों ने तहरीर के आधार पर मुकदमा न लिखे जाने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया पिछले 2 दिन से घर में शव रखकर इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं आज 3 मई की दोपहर सैकड़ों महिला पुरुषों ने मुकदमा दर्ज की मांग करते हुए शव को पिकप में रखकर खागा सीओ का घेराव करने जा रहे थे ऐसी सूचना पर सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा और सैनी कोतवाली पुलिस पहुंचकर मान मनौव्वल में जुट गई फिर भी परिजन नहीं माने और शव मझिलगों चौकी के पास लेकर पहुंच गए खागा सीओ ,कोतवाल,खखरेरू कोतवाल और सिराथू सीओ और सैनी कोतवाल आदि पुलिस अधिकारियों ने न्यायसंगत कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर शव को परिजन अझुवा वापस लाए हैं लेकिन शाम तक फौजी का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है परिजनों की मांग है जब तक उनकी तहरीर पर आरोपियों पर आईपीसी की धारा हत्या 302, का मुकदमा दर्ज नहीं होगा अंतिम संस्कार नहीं होगा,सिराथू सीओ और क्षेत्रीय पुलिस फौजी के परिजनों को मान मनौव्वल में जुट हुए हैं।

## चित्रकूट दर्शन करके लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर तीन घायल







**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत ओसा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार रोहित 26 वर्ष निवासी - प्रयागराज, अभिषेक 25 वर्ष- निवासी हिमांचल प्रदेश और रोहित 25 वर्ष निवासी बिहार घायल हो गए। आनन फ़ानन में तीनों घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया। जहाँ से रोहित के घर वाले प्रयागराज से आकर तीनों को किसी प्राइवेट अस्पताल में लेकर चले गए। ये तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर चित्रकूट धाम दर्शन करने गए थे। ये सभी प्रयागराज में रहकर तैयारी करते हैं।

## न्यूज झरोखा

### लीप पोत कर सड़क छोड़ गए ठेकेदार, चौराडीह के भट्ठे से बरियावा बरोलहा तक 2 किलो मीटर सड़क के मरम्मत में बड़ी धांधली



**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार सड़क निर्माण में बड़ी धांधली कर रहे हैं जिससे सड़क का निर्माण नहीं हो पाता और लोगों को सड़क के गड्ढे में चलना पड़ता है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा और उसके आसपास के सड़क का है जानकारी के मुताबिक चौराडीह के ईट भट्ठे से बरियावा बरोलहा तक 2 किलो मीटर सड़क के मरम्मत का ठेका लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार को दिया ठेकेदार स्थानीय बताया जाता है सड़क मरम्मत के नाम पर थोड़ा-थोड़ा डामर कुछ जगहों पर डाल दिया गया है और उसके बाद पूरी सड़क गड्ढे में छोड़ दी गई है जिससे सड़क समतल नहीं हो सकी है सड़क पर जंपिंग है 20 किलोमीटर की स्पीड से चलने पर वाहन के चालक और अंदर बैठे लोग उछल जाते हैं जिससे उन्हें चोट लग जाती है सड़क मरम्मत के नाम पर सरकार से मिलने वाले पूरे बजट को ठेकेदार अधिकारियों के साठगाँठ से हजम कर गए हैं मौके का अधिकारियों ने निरीक्षण किया हकीकत की उन्हें जानकारी हुई ग्रामीणों ने ठेकेदार की शिकायत भी की लेकिन सड़क निर्माण के नाम पर धांधली करने वाले ठेकेदार पर विभागीय अधिकारी ने कार्यवाही नहीं की है जिससे लोक निर्माण विभाग में बढ़े भ्रष्टाचार और अधिकारियों के कमीशन खोरी का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए सड़क निर्माण में धांधली करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराया जाना सड़क निर्माण के रकम की वसूली कराया जाना और ठेकेदार सहित अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है गांव के लोगों ने कहा है कि इस सड़क की फिर से मरम्मत कराई जाए और मरम्मत का खर्च ठेकेदार और अधिकारियों के वेतन से वसूला जाए

### मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों ने निकाला रैली



**हर्रायपुर कौशाम्बी** एन डी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरज पाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरत गंज में लोकतंत्र के महापर्व 20 मई को मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा रैली निकली गई ।विद्यालय के स्टाफ राम नरेश यादव ने गीत के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया।उनके गीत के बोल थे .. तुझको पुकारे संविधान , आओ मिलकर करें मतदान । इस मौके पर विद्यालय प्रबन्धक मिथिलेश सिंह यादव ,प्रधानाचार्य महेश कुमार, उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ,राम नरेश यादव, आकांक्षा पाल, नंदिता पाल, ममता मिश्रा, अभिषेक साहू, कुलदीप साहू ,राधा रानी, सरोज अग्रवाल, मनीषा विश्वकर्माआदि लोग मौजूद रहे।

### महिला की जमीन पर मकान बना रहे लोगों का महिला के विरोध पर दबंगों ने बंदूक लेकर दौड़ाया

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र में महिला की जमीन पर जबरिया निर्माण किया जा रहा था जिस पर महिला ने विरोध किया महिला के विरोध करने पर दबंगों ने बंदूक लेकर महिला को दौड़ा लिया है जिससे महिला जान बचाकर घर के भीतर घुस गई है मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई बढ़ती भीड़ देखकर दबंग गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए हैं मामले की सूचना महिला ने उप जिला अधिकारी को दी है चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत चरवा खुर्द की महिला मंजू मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा की आराजी संख्या 1447 पर गांव के दबंग मिश्रीलाल के तीन पुत्र जबरिया निर्माण कर रहे थे जिस पर महिला ने निर्माण का विरोध किया महिला के विरोध करने पर दबंगों ने उसे गाली गलौज देना शुरू कर दिया दबंग बंदूक निकाल ले आए महिला के तरफ नाल करके उसकी हत्या करने की नीयत से उसे दौड़ा लिया महिला बंदूक देखकर भय खा गई और जान बचाकर घर के भीतर घुस गई है हो हल्ला सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए गाली गलौज करते हुए दबंग मौके से चले गए हैं लेकिन धमकी दे गए हैं कि वह इस जमीन पर निर्माण कराएंगे विरोध करने पर जान से मार देंगे महिला ने मामले की सूचना उप जिला अधिकारी चायल को दी है

### अनियंत्रित ट्रेलर घर में घुसा घर के अंदर कई लोग घायल

**कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पश्चिम शरीरा कस्बे में एक अनियंत्रित ट्रेलर घर के भीतर घुस गया है जिससे घर में मौजूद कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मामले की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान के मालवा को हटाकर घायल लोगों को बाहर निकाला है और इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है घटना शुक्रवार देर रात्रि की है मौके पर पश्चिम सरीरा पुलिस सहित सैकड़ो ग्रामीण राहत बचाव कार्य में लगे हुए है दर्दनाक हादसा तेज रफ्तार का नतीजा है हादसे में ट्रेलर चालक अंकित पुत्र धीरेंद्र निवासी मुलायमपुर भखन्दा थाना सराय अकिल और ट्रेलर के खलासी घायल हो गए हैं आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक और खलासी को पीट दिया है खबर लिखे जाने तक अन्य घायलों का नाम पता नहीं मिल सका है मौके पर दो एंबुलेंस पहुंच चुकी है

### निमंत्रण से वापस लौट रहा बाइक सवार दुर्घटना में घायल

**कौशाम्बी।** सैनी थाना अंतर्गत सैनी गांव के पुष्पराज उम्र 48 वर्ष पुत्र स्व0 शिवलाल शुक्रवार रात लगभग नौ बजे निमंत्रण से वापस घर लौट रहे थे, अचानक सेहिया अहमदपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन समेत वह पलट गए और घायल हो गए। उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीर ने 108 एम्बुलेंस को फ़ोन किया। 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचकर घायल पुष्पराज को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया। सूचना पाकर घर वाले भी जिला अस्पताल पहुंच गए है।

### महिला को आए दिन पीटते हैं जेठ जेठानी

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के पहाड पुर सुधवर गांव की महिला रुमी साहू पत्नी विजय नारायण साहू को आए दिन उसके जेठ जेठानी पीटते हैं 2 मई की सुबह रुमी साहू का 13 वर्ष का लड़का घर में खाना खा रहा था इसी बीच उसके जेठ जेठानी ने नाली से निकले गंदगी कचड़ा को उसके घर के भीतर फेंक दिया जिससे लड़के के भोजन की थाली में कचड़ा गंदगी पहुंच गई जिस पर रुमी साहू ने विरोध किया जिससे रुमी साहू के जेठ जेठानी ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए रुमी साहू को बेरहमी से मारा पीटा है जान से मारने की धमकी दी है मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

## डेढ़ लाख की आबादी में भाजपा प्रत्याशी की सभा में नहीं हुए एकत्रित 3 सौ आदमी

**हर कार्यक्रम में शामिल होने वाले खास कार्यकर्ता जिंदाबाद का नारा लगाकर सांसद विनोद के विजई होने का पीट रहे ढिंढोरा**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर रामलीला मैदान में टेंट माइक लगाकर भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के समर्थन में जनसभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया था इस कार्यक्रम में मंझनपुर के अलावा भरवारी से व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि भी शामिल हुए लेकिन भाजपा सांसद विनोद सोनकर के कार्यक्रम में उनके संबोधन को सुनने के लिए आम जनता एकत्रित नहीं हो सकी नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के कुछ व्यापारियों को छोड़कर व्यापारी भी इस कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे हैं मंझनपुर कस्बे में लगभग 2000 से अधिक व्यापारी है लेकिन कार्यक्रम स्थल पर व्यापारियों का जमावड़ा नहीं लग सका है सांसद के साथ आए काफिले और व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री के साथ आए काफिले को मिलकर कार्यक्रम स्थल पर लगभग 300 लोग ही एकत्रित हो सके हैं कुछ उनके खास कार्य कर्ता जो हर कार्यक्रम में उपस्थित होते हैं वहीं सांसद विनोद सोनकर के जिंदाबाद का नारा लगाकर सांसद के विजई होने का ढिंढोरा पीट रहे हैं सांसद विनोद सोनकर के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सुबह से प्रचार प्रसार किया जा रहा था लोगों को फोन कर-के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की गई थी लेकिन उसके बाद डेढ़ लाख की आबादी में 300 लोगों का पहुंचना कार्यक्रम की असफलता की ओर इशारा कर रहा है अब सवाल उठता है कि कभी भाजपा के छोटे कार्यक्रम में भारी हुजूम उमड़ता था भाजपा के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के मंझनपुर के कार्यक्रम में भारी भीड़ का ना उपस्थित होना संकेत में बहुत कुछ बयां कर रहा है और इस बात का अंदाजा शायद सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर को भी हो चुका है कि आम जनमानस अब उनसे दूर भाग रही है दूर भाग रहे मतदाताओं को भाजपा सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर कैसे संभाल पाएंगे

# लेखपाल के साथ अभद्रता करने वाले दरोगा को करें निलंबित : लेखपाल संघ

**कार्रवाई नहीं होने तक कार्य बहिष्कार की लेखपाल संघ ने दी धमकी**



**कोखराज कौशांबी** लेखपाल के साथ अभद्रता करने वाले दरोगा की निलंबित को मांग को लेकर लेखपाल संघ के पदाधिकारी तहसील में जमकर गरजे है और तहसीलदार को ज्ञापन देकर के लेखपाल से अभद्रता करने वाले दरोगा को निलंबित करने की मांग की है सिराथू तहसील में लेखपालों ने उप निरीक्षक शुभम सिंह के खिलाफ मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए लामबंद हुए जानकारी के मुताबिक 01 मई की आधी रात को कड़ा धाम थाना के उप निरीक्षक शुभम सिंह ने लेखपाल विनोद कुमार सोनकर के साथ मारपीट गाली गलौज अभद्रता की थी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लेखपाल को अपमानित किया था धरना प्रदर्शन कर रहे लेखपाल संघ का आरोप है कि पूर्व ब्लाक प्रमुख विक्की साहू और उनके सहयोगियों के इशारे पर उप निरीक्षक ने लेखपाल से अभद्रता गाली गलौज किया है लेखपाल के साथ गाली गलौज मारपीट अभद्रता को लेकर लेखपाल संघ आक्रोशित है और तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर उप निरीक्षक को निलंबित करने की मांग की है इस मौके पर तहसील अध्यक्ष लेखपाल संघ सुनील द्विवेदी की अध्यक्षता में सभी लेखपालो ने सिराथू तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्यवाही करने के लिए पत्र देकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अवगत कराया है कि लेखपाल साथी के साथ अभद्रता के मामले को यदि गम्भीरता से नही लिया गया तो वह कार्य बहिष्कार कर देंगे ज्ञापन देने के बाद लेखपालों ने बैठक की और बैठक में निर्णय लिया कि जब तक उप निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तब तक कार्य नहीं किया जाएगा इस मौके पर लोकनाथ पांडेय ,सुनील द्विवेदी, देवेंद्र सिंह,नित्या पाल, अनुराधा वर्मा,पूनम मौर्य, आदि सैकड़ों लेखपाल मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव के 05 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**19 प्रत्यासी कर चुके हैं नामांकन, 36 प्रत्याशी खरीदे थे नामांकन पत्र**



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार के दिन शैलेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र सिंह , भैरव प्रसाद, श्याम जी एवं पुष्पेंद्र कुमार सहित कुल 05 निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी के सामने दाखिल किया है, जिससे अब तक कौशांबी लोकसभा सीट से नामांकन करने वालो की संख्या 19 हो गई है, जबकि नामांकन पत्र खरीदने वाले प्रत्यासियों की कुल संख्या 36 है। जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 20 मई को होना निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 26 अप्रैल से 03 मई तक कुल नामांकन पत्र खरीदने वाले प्रत्यासियों की संख्या 36 है, जबकि सपा, बसपा एवं बीजेपी सहित सहित कुल 19 प्रत्याशियों ने अब तक अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है लोकसभा प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज है।

## प्रेक्षक ने निर्वाचन कंट्रोल रुम का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0 ने निर्वाचन कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर सीझविजिल पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों, एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा की गयी कार्यवाही, सोशल मीडिया अंतर्गत मतदाता जागरूकता सम्बन्धित पोस्ट एवं ऊउउ मतदाता हेल्पलाइन-1950 नंबर पर प्राप्त शिकायतों का अवलोकन किया गया निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, प्रभारी कंट्रोल रुम जगदीश लाल एवं ई-डिस्टिक मैनेजर कीर्त कुमार उपस्थित रहें।

### सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक से कांशीराम गेस्ट हाउस में होगी मुलाकात

**कौशाम्बी** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत 50-कौशाम्बी (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 245-बाबागंज, 246-कुण्डा, 251-सिराथू, 252-मंझनपुर एवं 253-चायल के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक का जनपद में आगमन हो चुका हैं सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0 का मोबाइल नम्बर-8739029415 है एवं लाइजनिंग ऑफिसर अजीत कुमार पाण्डेय, जिला खनन अधिकारी का मोबाइल नम्बर-8887534779 है। इसी प्रकार पुलिस प्रेक्षक एस0 आर0 ओडेडरा का मोबाइल नम्बर-7991569415 है एवं लाइजनिंग ऑफिसर शरदेन्दु मिश्रा,सब रजिस्टार का मोबाइल नम्बर-9415878750 हैं तथा व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी का मोबाइल नम्बर-8931079415 है एवं लाइजनिंग आफिसर सौरभ चतुर्वेदी, असिस्टेन्ट इंजीनियर का मोबाइल नम्बर-8287425322 हैं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में कोई भी प्रत्याशी/निर्वाचन अभिकर्ता अथवा अन्य कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की जानकारी/सुझाव या शिकायत करने के लिए प्रत्येक दिन प्रातः 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक कांशीराम गेस्ट हाउस, ओसा में सम्पर्क कर तथा मोबाइल नम्बरों पर जानकारी/शिकायत कर सकतें हैं।

### शराबी को पकड़ा 4000 चौकी पुलिस दो हजार 112 पुलिस ने लेकर शराब माफिया के सारे गुनाह माफ कर दिए

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा गांव में लंबे समय से शराब का कारोबार हो रहा है स्थानीय चौकी पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है मामले को लेकर तीन दिन पहले ट्विटर एक्स के माध्यम से डीजीपी का ध्यान आकर्षित कराया गया डीजीपी के कड़े निर्देश के बाद शराब माफिया के ठिकाने पर पहले 112 डायल पुलिस पहुंची और 2000 लेकर मौके पर सारे गुनाह शराब माफिया का माफ कर दिया उसके बाद चौकी पुलिस पहुंची दरोगा जी ने 4000 में सौदा तय किया रुपया मिलने के बाद शराब माफिया के पूरे गुनाह दरोगा जी ने माफ कर दिया है जिससे फिर बेखौफ तरीके से शराब माफिया शराब बेच रहा है शराब माफिया के पास चोरी की बाइक की भी शिकायत हुई थी पुलिस ने उस बाइक को लाकर उसके अभिलेख की जांच पड़ताल करना उचित नहीं समझा है जिससे चौकी पुलिस के शराब माफिया से गहरे संबंधों से इनकार नहीं किया जा सकता शराब माफिया से रकम लेने के बाद चौकी पुलिस ने अधिकारियों को सूचना दे दी कि शराब की बिक्री नहीं मिली है और अधिकारियों ने डीजीपी को सूचना दे दी जिससे शराब माफिया के गुनाह उजागर होने से एक बार फिर रह गए हैं।

## लोग पूछे 5 साल कहां थे सांसद जी, गांव को आप कितनी बार देखने आए...

**कौशांबी में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर सांसद की जीत है कठिन**

**कौशांबी।** भाजपा के उम्मीदवार सांसद विनोद सोनकर से मतदान से पहले ही लोग सवाल कर रहे है कौशांबी की जनता सांसद विनोद सोनकर को दो बार सर पर ताज पहनाया। लेकिन जनता के लिए सांसद ने वक्त समय नहीं दिया और ना ही पलट कर कभी गांव देखने गए ऐसा गांव के लोगों का कहना है। 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने विनोद सरकार पर भरोसा जताया अब विनोद सोनकर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया अब विनोद सोनकर के लिए जीत की राह बड़ी कठिन दिख रही है यहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि यह अस्त हो चुके हैं ना किसी गांव में विकास हुआ है ना कोई काम हुआ है।भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर से 5 साल नदारद रहने का कारण मतदाता पूछ रहे हैं। भाजपा कहती है कि महिलाओं सम्मान करो। अपमान किया जा रहा है विकलांग महिला होने के नाते जिस तरीके से सांसद विनोद सोनकर ने लेटर जारी करके उनको प्रताड़ित किया उससे लगता है कि वहां की जनता काफी परेशान हो चुकी है।अब बात करते हैं कौशांबी की जनता और और चायल विधानसभा की एक विकलांग महिला कि कौशांबी के भाजपा नेता की बहू के विकलांगता जांच के हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र की भाजपा नेता के छोटे भाई ने लिखा पत्र पर कार्रवाई हुई पर उसके बाद सांसद विनोद सोनकर ने दूसरा पत्र जारी कर उनके साथ अन्याय किया और पार्टी के माननीय नेता गणों के सामने उनकी बहू और छोटे भाई को शर्मिंदगी महसूस का सामना करना पड़ा विनोद सोनकर ने कहा कि आप अध्यादेश दिखाइए शासनादेश दिखाइए भाजपा नेता के भाई ने शासनादेश दिखाया उसके बाद आज तक कोई कार्रवाई नहीं कराया। अब देखना है कि विनोद सोनकर कौशांबी की जनता को दिल को जीत पाते हैं या जनता उनको नाकारती है यह आने वाला 25 मई को चुनाव के दिन साफ हो जाएगा है।

### न्याय ना मिलने पर सीडीओ से शिकायत

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के दीप नारायण तिवारी पुत्र हर्ष नारायण तिवारी निवासी अम्बवा पश्चिम ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि पशुपतिनाथ को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपतिनाथ की भूमिधरी आराजी सं0-209 पर नाली व इण्टर लाकिंग का कार्य कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने दिनांक 05/04/2024 को जरिये फोन ग्राम विकास अधिकारी अंबवा पश्चिम सहायक खण्ड विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर से काम रुकवाने के लिए व जाँच के लिए कहा किन्तु जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी और ना ही कार्य रुकवाया गया बल्कि जहाँ पर ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा नाली खड़न्जा का कार्य कराया गया वहाँ पर पशुपतिनाथ के घर वालो के अलावा ना तो कोई अन्य परिवार रहता है और ना ही अन्य गाँव के लोगो का आने - जाने का रास्ता है फिर भी वहाँ पर पशुपतिनाथ का व्यक्तिगत ईंट का खड़न्जा पूर्व से लगा हुआ था तथा पूर्व से नाली का निर्माण भी हुआ था जो आज भी बनी हुई है। उपरोक्त अधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी तो प्रार्थी ने 5/4/2024 को आईजीआरएस के माध्यम से एक शिकायत किया था जिसको खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा झूठी रिपोर्ट प्रेषित किया जिसमें यह बताया गया कि पशुपतिनाथ ने एक शपथपत्र दिया जिसमें शपथकर्ता व उसके परिवार वालो को पानी निकासी और रास्ते की दिक्कत है। पशुपतिनाथ और परिवार वालो के सहमति से रोड व नाली बनाने के लिए अपनी निजी भूमि ग्राम पंचायत अंबवा को दे रहे है।

# गज़ब अदा सब टना टन...बस 25 करोड़ लाओ रजिस्ट्री की गारंटी, फिर 25 करोड़ तुम्हारे

**भूमाफिया वाले अंदाज में सांसद विनोद सोनकर का वीडियो वायरल**

**पचास करोड़ की जमीन है पचीस करोड़ दो रजिस्ट्री करा देता हूं टन टना टन टन**

**नई सीरीज जारी**

**कौशांबी।** भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विनोद सोनकर कह रहें है कि प्रयागराज के झूंसी में एक जमीन है, जिसकी कीमत 50 करोड़ है। एक पार्टी की 3 बीघा 16 बिस्वा की रजिस्ट्री और दाखिल खारिज भी है। दूसरे पार्टी के पास 4 बिस्वा है, 4 बिस्वा वाला पूरे में कब्जा किए बैठा है। बात करो जाकर कब्जा ले लो, 50 करोड़ की जमीन है, 25 करोड़ मुझे दो तुमको रजिस्ट्री करवा दे रहा हूँ। टनटना टन रजिस्ट्री होगी। वहीं वीडियो सामने आने के बाद अब विपक्षी पार्टी इसे मुद्दा बनाकर सवाल खड़ा कर रही है। हालांकि जब इस वीडियो के बारे में विनोद सोनकर से जानकारी चाही गई तो उन्होंने इस पर कुछ कहने से साफ मना कर दिया। आपको बता दें कि विनोद सोनकर कौशांबी से दो बार के सांसद है। तीसरी बार बीजेपी ने फिर उन्हें टिकट दिया है। सांसद विनोद सोनकर का भूमाफिया वाले अंदाज में वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सांसद विनोद सोनकर कह रहें है कि मैं आपको बताता हूं झूंसी में एक जमीन है ठीक कितने की जमीन होगी दस लाख, बीस लाख, पचास लाख, एक करोड़, दो करोड़, तीन करोड़ इससे ज्यादा नहीं होगी झूसी में एक 4 बीघा जमीन है ठीक तभी दूसरी तरफ से जवाब आता है कि जमीन की कीमत 50 करोड़ है, तभी सांसद विनोद सोनकर कह रहे हैं कि एक पार्टी है जिसके पास 3 बीघा 16 बिस्वा की रजिस्ट्री और दाखिल खारिज जमीन है, जबकि 4 बिस्वा दूसरी पार्टी के पास है जिस पर कोई और कब्जा किए बैठा है। बात करो जाकर कब्जा ले लो, 50 करोड़ की जमीन है, 25 करोड़ मुझे दो तुमको रजिस्ट्री करवा दे रहा हूँ। टन टना टन टन रजिस्ट्री होगी। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद सांसद विनोद सोनकर के प्रति लोगों के बयान आना शुरू हो गए हैं।

## संपादक की कलम से

### मोबाइल के बाहर भी हैं वाट्सएप विश्वविद्यालय

पिछले करीब दस वर्षों से भारत में वाट्सएप यूनिवर्सिटी के तो खूब चर्चे होते आये हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता था कि इसके समांतर ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जरिये भी ज्ञानगंगाएं प्रवाहित हो रही है जो युवाओं को उसी तरह से दीक्षित कर रहे हैं जैसे कि वाट्सएप विवि। इसका एक उदाहरण दिल्ली में दिखलाई दिया जब देश की राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा के एक निजी विवि के छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विश्वविद्यालय में पल्लवित हो रही प्रतिभाओं के बारे में शायद ही लोगों को पता चल पाता लेकिन एक न्यूज चैनल के पत्रकार ने इस प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों के ज्ञान की जांच कर ली जो विरोध प्रदर्शन करने के लिये बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय की ओर जा रहे थे। आश्चर्य की यह बात सामने आई कि प्रदर्शन कर रहे जा रहे छात्रों में से कोई भी यह नहीं समझा पाया कि वे प्रदर्शन क्यों कर रहे थे। और तो और, उनके हाथों में जो तख्तियां थीं उनका अर्थ बतलाना तो दूर, वे उसे पढ़ तक नहीं पा रहे थे।

जब पत्रकार ने युवाओं के हाथों में लगी तख्तियों पर सवाल करने शुरू किये तो पता चला कि उन्हें पता तक नहीं था कि किन मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल यह पता था कि वे कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के समर्थन में हैं। छात्र-छात्राओं के हाथों में जो तख्तियां थीं उनमें लिखा था- 'पहले लेंगे आपका वोट फिर ले लेंगे मंगलसूत्र और नोट', 'मां-बहनों के गहनों पर नजर न गड़ाओ', '70 सालों में नहीं दी दीया-बत्ती अब छीन लेंगे आधी सम्पत्ति', 'नो प्लेस फॉर अर्बन नक्सल' आदि। छात्र-छात्राएं विवादित इनहेरिटेंस टैक्स या भाजपा के कथित विकसित भारत की अवधारणा तथा वास्तविकता के बारे में कुछ भी बतला नहीं पा रहे थे। यहां तक कि कांग्रेस के जिस घोषणापत्र का वे विरोध कर रहे थे, उसे किसी ने पढ़ा तक नहीं था। जाहिर है कि वे उसके बारे में वही सब कुछ कह रहे थे जो उन्हें बताया गया था या जो वाट्सएप विवि के माध्यम से उनके मोबाइलों तक पहुंच रहा है।

छात्र जो तख्तियां हाथों में लिये हुए थे, उन पर लगभग वे ही नारे लिये हुए थे जो भाजपा के होते हैं। इनमें कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर लोगों का सोना और मंगलसूत्र छीन लेने की बात लिखी गयी थी। इस पर जब रिपोर्टर ने प्रश्न किये तो छात्र विषय से पूर्णतः अनभिज्ञ साबित हुए। साफ था कि उनके हाथों में ये तख्तियां पकड़ाई गयी थीं। अब यह शोध का विषय हो सकता है कि आखिर उन्हें ये नारे लिखकर किसने दिये और छात्रों से इस प्रकार का प्रदर्शन करवाने का औचित्य क्या था। फिर, क्या छात्रों की खुद की समझ इतनी भी नहीं है कि वे किसी के उकसाने पर या कहने पर ऐसा प्रदर्शन करने चले आये। निजी यूनिवर्सिटी में फीस, अधोसंरचना एवं सुविधाओं को देखें तो पता चलता है कि उसमें अच्छे-खासे खाते-पीते लोगों के बच्चे ही पढ़ सकते हैं। अगर ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वालों की राजनैतिक समझ ऐसी हो तो अर्द्ध शिक्षित युवाओं को बहका पाना कितना आसान है, यह भी इस प्रदर्शन को देखकर समझा जा सकता है। पिछले 10 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार के दौरान युवाओं व छात्रों का जिस प्रकार से ब्रेनवाश हुआ है उसका परिणाम किस तरह की युवा पीढ़ी को पैदा कर सकता है- यह भी इस वीडियो को देखकर समझा जा सकता है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आईटी के जरिये जिस अज्ञानता का प्रसार किया गया है उसका यह साक्षात उदाहरण कहा जा सकता है। यह वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। यही युवा विद्यार्थी वर्ग भाजपा-संघ का कोर वोटर है। मोदी की लोकप्रियता का आधार किस प्रकार की घृणा और विवेकहीनता पर टिकी है- यह भी इस वीडियो को देखकर जाना जा सकता है। छात्रों के साथ पत्रकार की हुई बातचीत जहां एक ओर छात्रों के सामान्य ज्ञान पर सवालिया निशान उठाती है वहीं देश की शिक्षा का स्तर क्या है- यह भी उससे जाहिर हुआ है।

माना यह भी जा रहा है कि संचालकों की शह पर यह प्रदर्शन जुलूस निकाला गया था जो सम्भवतः भारतीय जनता पार्टी को खुश करना चाहते हों। ग्रेटर नोएडा में होने के नाते उत्तर प्रदेश की सरकार को भी खुश करने का इसका मकसद हो सकता है। छात्रों की राजनीति में भागीदारी में कोई बुराई नहीं है, बल्कि राजनीति में युवा शक्ति का सकारात्मक उपयोग किया जा सकता है। देश में पहले भी युवाओं व छात्रों द्वारा अनेक आंदोलन किये गये हैं जो देश के लिए परिवर्तकारी साबित हुए हैं। भगत सिंह इस देश के युवाओं के आदर्श हुआ करते थे और जेपी आंदोलन में युवा, छात्र नेताओं की भूमिका से सभी परिचित हैं। लेकिन शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों का इस तरह से राजनैतिक इस्तेमाल किया जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। अगर छात्रों ने स्वस्फूर्त यह प्रदर्शन किया होता तो उन्हें निश्चित ही विषय की पूरी जानकारी होती तथा वे उन तमाम विषयों पर अधिकारपूर्वक बात करने के काबिल होते जो उनके हाथों में ली गयी तख्तियों पर लिखे हुए थे। लेकिन बुधवार को दिल्ली में निजी विवि के छात्रों के प्रदर्शन से जाहिर हो गया कि मोबाइल के बाहर भी वाट्सएप विश्वविद्यालय चलाए जा रहे हैं।

### वैज्ञानिकों ने बढ़ती उम्र में होने वाले अंधेपन का ढूंढा उपचार




नियोवैस्कुलर एज-रिलेटेड मैक्युलर डिजनरेशन (एएमडी) अंधेपन का एक प्रमुख कारण है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इसको लेकर एक संभावित एंटीबॉडी उपचार विकसित किया है। मैक्युलर डिजनरेशन आंख का एक रोग है जिसमें मैक्युला की सामान्य संरचना प्रभावित होती है। अधिक उम्र, मधुमेह, मोटापा और कई अन्य पुरानी चयापचय संबंधी बीमारियों के कारण अत्यधिक वैस्कुलर वृद्धि होती है और इससे मैक्युला को नुकसान होता है, जो आंख का वह हिस्सा है जो प्रकाश को छवि संकेतों में परिवर्तित करता है। मेडिकल कॉलेज ऑफ जॉर्जिया (एमसीजी) की टीम ने कहा, "आमतौर पर एंटी-वीईजीएफ थेरेपी वैस्कुलर एंडोथेलियल वृद्धि कारक को अवरुद्ध करती है और अत्यधिक रक्त वाहिका वृद्धि को रोकती है। हालांकि यह केवल लगभग एक तिहाई रोगियों के लिए ही कामयाब होती है।"

उन्होंने पाया कि इसका कारण "फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाएं" हैं।

जर्नल साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन के अध्ययन में अनुसार, "इन फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाओं द्वारा पैदा हुआ कोलेजन और कई अन्य प्रोटीन वैस्कुलर कोशिकाओं के बाहर जमा हो जाते हैं और अंततः आंखों में फाइब्रोसिस या घाव का कारण बनते हैं।"

एमसीजी के वैस्कुलर बायोलॉजी सेंटर में वैस्कुलर इंफ्लेमेशन प्रोग्राम के निदेशक युकिंग हुओ ने कहा, "इस अध्ययन में पहली बार हमने दिखाया है कि कई फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाएं वास्तव में इन अत्यधिक एंडोथेलियल कोशिकाओं द्वारा निर्मित होती हैं।"

ऐसा होने से रोकने के लिए टीम ने रिसेप्टर 2ए (एडोरा2ए) को लक्षित किया। हालांकि सूजन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण मायोकार्डियल ऑक्सीजन की खपत और अतिरिक्त एडेनोसिन में कोरोनरी रक्त प्रवाह अत्यधिक रक्त वाहिका वृद्धि का कारण बन सकता है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इस शोध के लिए उन चूहों का इस्?तेमाल किया जिनकी आंखों के पिछले हिस्से में फाइब्रोसिस विकसित हुआ था। चूहों को 'एडोरा2ए' दिया गया, जो रिसेप्टर से जुड़ जाता है और उसके कार्य को अवरुद्ध कर देता है। टीम ने कहा कि बाद में चूहों की आंखों में फाइब्रोसिस में कमी देखी गई।

हुओ ने कहा, "एक एंटीबॉडी वास्तव में एएमडी के शुरूआती चरण में अत्यधिक रक्त वाहिका वृद्धि और एएमडी के अंतिम चरण में फाइब्रोसिस दोनों को रोक सकती है। हमारे निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि 'एडोरा2ए' को अवरुद्ध करने से निश्चित रूप से इस बीमारी के कई चरणों को लक्षित किया जा सकता है जो वर्तमान उपचारों की तुलना में कहीं अधिक कुशल हो सकता है।"

# पोहे-कचोरी भूल जाइए ! 'स्वच्छ' इंदौर को अब इस 'शर्म' के लिए याद रखिए !

**- श्रवण गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



लता मंगेशकर, कर्नल सी के नायडु, उस्ताद अमीर खाँ और एम एफ हुसैन जैसी हस्तियों के शहर इंदौर के कोई 25 लाख मतदाता हैरान-परेशान हैं कि अब 13 मई को उन्हें क्या करना चाहिए जिस दिन चौथे चरण का मतदान होने वाला है ? मतदान के पहले ही उन्हें ठगते हुए शहर का संसदीय प्रतिनिधि लगभग तय कर दिया गया और अब सिर्फ़ औपचारिकता का निर्वाह होना बाकी है !

हैरान सिर्फ़ वे मतदाता ही नहीं हैं जो यह जानते हुए भी कि ह्यजीतेगी तो भाजपा हीह्ल इस बार और ज्यादा ताकत से मोदी जी को हराने की कोशिश करना चाहते थे, वे लोग भी हैं जो प्रधानमंत्री के कट्टर समर्थक हैं। उनकी परेशानी यह है कि जब पार्टी-उम्मीदवार बिना लड़े ही विजयी बन रहा है तो कड़कती धूप में बाहर निकलकर क्यों तो खुद की चमड़ी जलाई जाए और क्यों दूसरों की ज़िंदगी हराम की जाए ?

सबसे ज्यादा मानसिक कष्ट में भाजपा के उम्मीदवार को माना जा सकता है कि वह दिल्ली पहुँचकर मुँह कैसे दिखाएँगा कि किसे और कितने मतों हराकर संसद में पहुँचा है ! पिछली बार तो साढ़े पाँच लाख मतों से कांग्रेस को परास्त कर देश में रिकॉर्ड बनाया था फिर संसद में यह माँग भी कर दी थी कि सिंधियों के लिए अलग राज्य की स्थापना की जाए। अगर विरोधियों ने ह्यनोटाह्ल कर दिया और भाजपा के लोग घरों से बाहर ही नहीं निकले तो इस बार रिकॉर्ड किस बात का बनेगा ?

वर्तमान भाजपा सांसद को यह पीड़ा भी हो सकती है कि शहर को चलाने वाले पार्टी के ही सर्वशक्ति-संपन्न नेताओं ने उससे पूछा तक नहीं कि कांग्रेस द्वारा खड़े किए गए अब तक के सबसे कमजोर उम्मीदवार को भी मैदान से हटवा दिया जाए कि नहीं ? अब उसे इसी शर्मिंदगी के साथ शहर में पाँच साल पास करना होंगे कि पार्टी के ही ह्यसक्षम हितेषियोंह्ल ने उसे औपचारिक रूप से जीत का श्रेय प्राप्त करने से वंचित कर दिया। वह यह भी कभी नहीं पता कर पाएगा कि इस तरह के ऑपरेशन के लिए सुपारी कहाँ से मिली होगी !

कांग्रेस के उम्मीदवार को मैदान से न सिर्फ़ ह्यउसकी ही मजी सेह्ल हटवा दिया गया, उसके गले में नई पार्टी की साख का प्रतीक भगवा दुपट्टा भी तुरंत लपेट दिया गया। अब शहर में एक ही पार्टी के ह्यदो सांसदह्ल हो जाएँगे ! एक बिना लड़े जीता हुआ और दूसरा बिना हारे विजयी बनाया गया। इंदौर में जो ड्रामा हुआ वह चंडीगढ़, खजुराहो और सूरत से भिन्न है। जो कुछ हुआ उस पर कोई ह्यबेस्ट सेलरह्ल किताब लिखी या ह्यद इंदौर फाइल्सह्ल नाम से बॉक्स ऑफिस फि ल्म बनाई जा सकती है।

सचाई यह भी है कि कांग्रेस ने जिस व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया था बस वही एकमात्र ह्यसक्षमह्ल नाम पार्टी के पास बचने दिया गया था। अर्जुन सिंह के जमाने से राहुल भैया तक पार्टी के लिए जान खपा देने वाला 2019 में पार्टी का गुजराती उम्मीदवार 2024 के चुनावों के ठीक पहले भाजपा को प्राप्त हो चुका था। इसी तरह अन्य तीन-चार भी जो हर तरह से सक्षम थे भाजपा के हार्ट ट्रांसप्लांट की गिरफ़्त में जा चुके थे।

सत्तारूढ़ दल अब गर्व के साथ दावा कर सकता है कि इंदौर को ह्यस्मार्ट सिटीह्ल में बदलने का वायदा चाहे जुमले में बदल गया हो, भारत के सबसे ह्यस्वच्छ शहरह्ल को और इतना साफ कर दिया गया है कि वह लोकसभा चुनाव के लिए ह्यकांग्रेस-मुक्तह्ल हो गया है।

स्वतंत्रता संग्राम के कई योद्धाओं/क्रांतिकारियों को जन्म देने के साथ-साथ संविधान सभा में भी प्रतिनिधित्व निभाने वाले इंदौर शहर में आजादी के बाद पहले बार सिर झुकाने वाली घटना हुई है। चालीस लाख के करीब की आबादी वाले मध्यप्रदेश के (अब कथित) सांस्कृतिक शहर में अब ऐसे संयोग भी बन सकते हैं जब बहुचर्चित ड्रामे के सभी किरदार एक जैसे दुपट्टों की मालाएँ गलों में लटकाए एक ही मंच पर सम्मान करवाते नजर आएँ। इंदौर के नागरिक जब दूसरे शहरों की यात्रा पर जाएँगे उनके माथों पर इस उपलब्धि के तिलक मंडे हुए होंगे।

जनता के मन में इस सवाल का उत्तर जानने की जिज्ञासा है कि एक ऐसे विपक्षी उम्मीदवार को चुनावी मैदान से क्यों हटवाया गया होगा जो : युवा है ! पढ़ा-लिखा है ! एक विशाल शैक्षणिक संस्था चला रहा है ! सक्षम है ! महत्वाकांक्षी है ! राजनीति में प्रवेश के लिए हाथ-पैर पटक रहा था ! जो यह भी जानता था कि हारने के लिए चुनाव लड़ रहा है ! मध्यप्रदेश के उन सब स्थानों जहां कांग्रेस के ताकतवर उम्मीदवारों से भाजपा का मुकाबला था वहाँ इस प्रयोग को आजमाने की जोखिम नहीं मोल ली गई ! क्या इंदौर की प्रयोगशाला में नैतिकता-मुक्त राजनीति का कोई टीका विकसित किया जा रहा है ?

इंदौर ही नहीं, उससे जुड़े मालवा-निमाड़ के बाकी सात संसदीय क्षेत्रों के मतदाता भी जानना चाहते हैं कि मोदी जी की सरकार में क्या एंटी-इंकम्बेंसी का इतना जबर्दस्त भय व्याप गया है कि कांग्रेस का सबसे कमजोर उम्मीदवार भी भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ में उसके मौजूदा उम्मीदवार को हरा सकता है ? अगर यह सही है तो मानकर चलना चाहिए कि देश इस समय एक बड़ी मोदी-विरोधी लहर की चपेट में है !इंदौर में जो हुआ उसका संदेश पूरी दुनिया में उसी तरह गया है जिस तरह यहाँ के पोहे, कचोरी और जलेबी प्रसिद्ध हैं। चचाएँ बेमतलब नहीं समझी जानी चाहए कि भाजपा के मजबूत गढ़ माने जाने वाले राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान ,छत्तीसगढ़– में भी पहले दो चरणों के कम मतदान ने पार्टी के आत्म-विश्वास को बुरी तरह से बौखला दिया है ! आशंकाएँ व्यक्त की जा सकतीं हैं कि एक जून को सातवाँ चरण पूरा होने तक पार्टी के बाहुबली जादूगर कुछ बड़े चमत्कार भी कर सकते हैं।

जनता की भावनाएँ जब कोड़ियों के दाम तौली जाने लगतीं हैं तो राजनीति का भी कोठाकारण होने लगता है। ऐसे में बस किसी शानदार शहर की शर्मनाक मौत की प्रतीक्षा ही की जा सकती है।

# सँवारकांठा से देश के सामने आर्तनाद

**@ राकेश अचल**



देश की राजनीति को रसातल में ले जाने का जो महायज्ञ देश में 2014 में प्रारम्भ हुआ था, लगता है अब उसमें पूर्ण आहुति दी जा रही है। सांबरकांठा में दुनिया ने देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री का अरण्यरोदन देखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सर से न कांग्रेस का भूत उतर रहा है और न कांग्रेस के शाहजादे का। वे कांग्रेस और राहुल गांधी के नाम से इतने आतंकित हैं की अब अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र और खुद अपनी गारंटियों का जिक्र करना भूल गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों को हर दिन एक नई दिशा में ले जाने की कोशिश करते नजर आते हैं। चुनावी मुद्दों पर ठीके रहने में वे पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुझे शुरू में लग रहा था की माननीय मोदी जी 2014 में जैसे 'अच्छे दिन आएंगे' का नारा देकर चुनाव जीत गए थे उसी तरह 2024 में भी मोदी गारंटियों के सहारे आसानी से चुनाव जीत जायेंगे, किन्तु अब लगता है कि मोदी जी के हाथ से कांग्रेस ने उनका अभिमंत्रित रक्षासूत्र छीन लिया है। रक्षा सूत्र कमजोर होने से बिलबिलाये माननीय मोदी जी अब मंगलसूत्र छीनने का भय देश की महिलाओं को दिखाकर अपना वोट बैंक साध रहे हैं।

मै माननीय मोदी जी की द्दढ इच्छाशक्ति, दूर-द्दष्टि और पक्के इरादों का कायल हूँ। हालांकि अतीत में ये तीनों तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी दवारा आपातकाल के समय गढ़े गए नारे थे। इंदिरा गांधी पर देश को आपातकाल की अंधी सुरंग में धकेलने का आरोप था। देश की जनता ने उन्हें सत्ता से हटा भी दिया था, लेकिन वे कभी भी विचलित नहीं दिखीं और ढाई साल बाद ही सत्ता में वापस लौट आयीं। बाद में उन्होंने देश के लिए शहादत भी दी। माननीय मोदी जी को अभी किसी ने सत्ता से बेदखल नहीं किय। वे दूसरा चुनाव भी प्रचंड मतों से जीते, लेकिन तीसरी बार सत्ता में आने की हड़बड़ी ने उनके सर पर कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत ऐसा सवार किया है की उतरने का नाम ही नहीं ले रहा। मुझे अच्छा लगता है कि कम से कम कांग्रेस और राहुल गांधी ने पिछले दस साल में अपनी हैसियत ऐसे भूत की तो बना ही ली जो माननीय प्रधानमंत्री का चैन उड़ाए हुए है। माननीय कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ ही इस देश के मुसलमानों को हुआ बनाकर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के सामने खड़ा करने की कोशिश कर चुके हैं। बहु सनख्यक हिन्दू मुसलमानों को हौआ बताने से डरे या विचलित हुए ये अभी किसी को पता नहीं है, लेकिन सत्तारूढ़ दल की घबड़ाहट बता रही है कि दाल में कुछ काला जरूर है। भाजपा एक और देश के बीस करोड़ मुसलमानों को आतंकी, मानती है लेकिन दूसरी और मुसलमानों के लिए भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों को गिनाने लगती है।

माननीय प्रधानमंत्री बीतते रोज अपने गृह प्रदेश गुजरात में थे।

लगता है की भाजपा इस बार गुजरात को क्लीन-स्वीप नहीं करने जा रही। उसे आप और कांग्रेस के लिए भी कुछ सीटें छोड़नी होंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सांबरकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि? कांग्रेस ने कहा था कि यदि जम्मू-कश्मीर में 370 हटेगी तो खून की नदियां बहेंगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज कश्मीर में शान से देश का तिरंगा लहरा रहा है। मोदी जी ने आरोप लगाया कि? मुस्लिम महिलाएं कांग्रेस शासन की सबसे ज्यादा शिकार हुई हैं। तीन तलाक खत्म होने से पूरे परिवार को सुरक्षा मिली है।

माननीय मोदी ने कहा कि? वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने तीन तलाक कानून का साहस नहीं दिखाया। मैं मुस्लिम बहनों को सुरक्षा देना चाहता था यानी तीन तलाक हटाना चाहता था। उन्?होंने आगे कहा कि? मोदी ने ऐसा किया तो कांग्रेस के युवराज जल उठे। कांग्रेस के शहजादा का कहना है कि अगर मोदी तीसरी बार आए तो आग लग जाएगी और इंडी गठबंधन मोदी को बदनाम करना चाहता है। मोदी जी ने बड़े ही आद्र स्वर में कहा कि मुझे संसद में गुजरात के अपने सभी दोस्तों की जरूरत है। देश चलाने के लिए साबरकांठा और मेहसाणा चाहिए। मुझे यकीन है कि आप सभी 7 तारीख को मतदान करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मोदी जी कि ये अपील गिरते मतदान प्रतिशत को लेकर भी सत्तारूढ़ दल कि चिंता को दर्शाती है।

मोदी जी के हनुमान डीपफेक से कथित रूप से तैयार किये गए किसी वीडियो के वायरल होने से दुखी है। वे मोदी जी से ज्यादा भयभीत दिखाई दे रहे है। मजे की बात ये है कि डीप फेक के आने से पहले भाजपा ही सबसे ज्यादा फेंकने के लिए नामदार थी। कांग्रेस मोदी जी को बदनाम कर रही है या नहीं इसका पता तो हालाँकि 4 जून को ही लगेगा किन्तु तब तक भाजपा और मोदी जी का तेल निकलता रहेग। कभी इलेक्टोरल बांड खून पियेगा तो कभी डीपफेक वीडियो। माननीय मोदी जी अपने ही तिलिस्म के टूटने से दुखी है। उनके तीसरे कार्यकाल के लिए ये शुभ संकेत नहीं हैं।

# आओ मतदाताओं आओ, कलींदा खाओ

**@ राकेश अचल**

नेताओं के हास्यास्पद बयान सुनकर अब हंसने का मन हो रहा है। खुश रहने के लिए हंसना जरूरी है ,तभी तो शब्द युग्म बना है हंसी-खुशी। हंसी कभी अकेली नहीं रहती । उसे या तो हंसी चाहिए या फिर राजी। राजी-खुशी शब्द युग्म भी रजामंदी से बना लगता है। बना है या नहीं ये तो भाषाविज्ञानी जानें ,हम अज्ञानी तो केवल कयास लगा सकते हैं। और कयास ही लगाते हुए पांच क्या, दस साल गुजार देते हैं कि शायद ' अच्छे दिन आएं,शायद बैंक खाते में पंद्रह लाख रुपए आएं। शायद मोशा सचमुच सहाय हो जाएँ !

बहरहाल आज मैं नेताओं पर नहीं मतदाताओं पर लिख रहा हूँ। मतदाता भले ही पांच किलो मुफ्त अन्न पर गुजर करता हो,भले ही उसके खाते में लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहन या सीमांत किसान होने के नाते सरकार कुछ न कुछ नगद डालती हो लेकिन उसके हाथ में एक और अनमोल चीज है ,जिसे आम भाषा में 'वोट' कहते हैं। " वोट ' शब्द भले ही अंग्रेजी का हो लेकिन वो हिंदी ,उर्दू, मराठी ,पंजाबी समेत तमाम भाषाओँ में ऐसे घुल-मिल गया है जैसे कि दूध में मिश्री मिल जाती है। मिश्री भी धागे वाली मिश्री। लेकिन हमारा वोटर अन्नदाता न होते हुए भी दाता है। उसे सम्मान से मतदाता कहा जाता है। यानि उसके पास भी ईश्वर की तरह देने के लिए कुछ तो है ! अकेले भीख का कटोरा ही उसकी पहचान नहीं है।

देश में जैसे अन्नदाता फटेहाल है ,पामाल है ,आंदोलनरत है । लाठियां खाता है ,अश्रुगैस पीता है। राह में बिछाए जाने वाले काँटों पर चलता है।

उसके लिए रेड कार्पेट कौन बिछाता है ? यही हाल मतदाता का भी है ।मतदाता के हिस्से में वो सब है जो अन्नदाता के हिस्से में है और किसी भी जनसेवक के हिस्से में नहीं है। दरअसल मतदाता ही अन्नदाता है और अन्नदाता ही मतदाता। दोनों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कर भी दीजिये तो वो वक्त आने पर एक हो जाता है। मतदाता जब हड़ताल करके भी कामयाब नहीं होता तो उदासीन हो जाता है। दान करना भूल जाता है।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए मतदान चल रहा है । दो चरण पूरे हो गए हैं ,लेकिन देश के मतदाताओं ने नेताओं को निराश कर दिया है कम मतदान करके ।नेताओं और सरकार को खुश करने कि लिए केंचुआ ने बड़ी कस-बल लगाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया है। लेकिन कैसे बढ़ाया है ये केंचुआ जानता है या उसकी मशीनें। बात हो रही थी कि मतदाता आखिर अपने मत का [ वोट का ] दान करने को लेकर इतना उदासीन क्यों है जबकि उसके लिए हमारी राष्ट्रवादी सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है । यहां तक कि उसने संसद को भी ध्वनिमत से चलकर दिखा दिया। मंदिर बना दिया, प्राण -प्रतिष्ठा करा दी । फोकट में अन्न दे दिया। अब क्या सरकार की जान लेना चाहता है मतदाता ?

कम मतदान से सब परेशान है। सबसे ज्यादा सत्तारूढ़ दल और मोशे की जोड़ी परेशान है। अपनी पार्टी के पार्षदों,विधायकों और मंत्रियों तथा मुख्यमंत्रियों तक को धमका रही है कि यदि तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत न बढ़ा तो उनकी खैर नहीं। कम मतदान को लेकर गनीमत है कि मोशा की जोड़ी ने फिलवक्त मतदाताओं के कान नहीं खींचे। वरना इस जोड़ी का क्या भरोसा ! मतदान न करने पर मतदाताओं की उट्ठक-बैठक करा दे। मतदान का प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंचुए ने कितना पैसा पानी की तरह बहाया ? जिलों का प्रशासन क्या-क्या ठठकर्म नहीं कर रहा ? बस किराये में छूट, रस्सा खींच प्रतियोगिता,चिड़ियाघरों में आधे दाम पर प्रवेश ,रैलियां ,शपथग्रहण समारोह। सब तो हो रहा है लेकिन मतदाता है कि जागने के लिए तैयार नहीं है जबकि मतदाता को चाहिए कि वो मुक्तहस्त से मतदान करे।

मेरा सुझाव तो ये है कि केंचुआ को आदर्श आचार संहिता को बलाए ताक रखकर मौसम को देखते हुए राजनीतक दलों को ये छूट देना चाहिए कि वे मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने-ले जाने के लिए वातानुकूलित वाहन उपलब्ध करा सके । मतदाताओं को कलींदा,आइसक्रीम खिला सकें। बाल-बच्चों को मुफ्त अन्न की तरह मुफ्त टाफियां बाँट सकें ।सरकार चाहे तो मतदान को आधार कार्ड से भी लिंक करा सकती है और शर्त लगा सकती है कि जो बन्दा मतदान नहीं करेगा उसे कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिलेगी। न फ्री का राशन ,न किसी लाड़ली बहना या लक्ष्मी को फ्री का वायना। आप मानें या न माने देश के मतदाता को फ्री -फंड यानि मुफ्तखोरी की लत लग चुकी है। मतदाता सब कुछ फ्री में चाहता है। बिजली फिर,राशन फ्री,शिक्षा फ्री,घर फ्री। यहना तक की मंगलसूत्र और उसे पहनने वाली भी फ्री। आखिर सरकार ये अब कैसे करे। कर भी दे तो सर्वोच्च न्यायालय का क्या भरोसा कि वो इस फ्रीविज को भी इलेक्टोरल बांड की तरह असंवैधानिक घोषित नहीं करेगी ! मेरा देश के मतदाताओं से अनुरोध है कि वे उदासीनता त्यागें और झूरकर मतदान करें ,यानि शेष पांच भाँवरें ऐसी डालें कि मजा आ जाये । मतदाताओं को ये धारणा भी तोड़ना चाहिए कि अधिक मतदान से ही सत्ता पक्ष को लाभ होता है। या सरकार बरकरार रहती है। ये मिथक है या हकीकत ये तभी पता चलेगा जब अधिक मतदान से देश में सत्ता परिवर्तन हो। परिवर्तन ही प्रगति का आधार है। अब मान लीजिये कि यदि मौसम न बदले तो क्या हो ? इसीलिए यदि एक सरकार दस साल बाद भी न बदले तो क्या होगा ,इसकी कल्पना भी मतदाता को करना चाहिए। हमारे बुजुर्ग कहते थे कि रोटी हो या घोड़े की जीन हमेशा बदलते रहना चाहिए अन्यथा तकलीफ हो सकती है। तो आइये कि इससे पहले की सरकार आपको सूली पर लटकाये या आपके पीछे भी ईडी ,सीबीआई या पुलिस भेजे ,आप घर से निकलिए और जमकर मतदान कीजिये । अपनी पसंद के प्रत्याशी को ,पार्टी को वोट दीजिये और यदि कोई मनमाफिक न हो तो नोटा का बटन दबाइये,लेकिन घर से निकलिए ,अन्यथा लोकतंत्र का नुक्सान होगा । आपको भविष्य में जली हुई रोटी खाना ही लिखा हो तो बात और है ?

## रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

### 70 फीसदी मतदान को प्रशासन सक्रिय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को आयोग की निर्धारित मतदान तिथि 20 मई को 70 फीसदी से अधिक मतदान के लक्ष्य पाने को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व नोडल अधिकारी स्वीप/सीडीओ अमृतपाल कौर के निर्देश पर मतदाता जागरूकता को स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स व एनसीसी की संयुक्त भव्य साइकिल रैली निकाली।



रैली निकालते स्काउट व एनसीसी कैडेट।

शुक्रवार को मतदाता जागरूकता साइकिल रैली पटेल तिराहा से शुरु होकर एलआईसी तिराहा होते हुए धनुष चैराहा से नगर पालिका परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली में 150 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स, एनसीसी कैडेट हाथ में नारे लिखी तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए आम जनता व युवा मतदाताओं को जागरूक किया। शहरी क्षेत्र में पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा मतदान हो सके। प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि 20 मई को जिले में मतदान सभी लोग घरों से निकलकर बूथों में जायें। पसंदीदा उम्मीदवार को सांसद बनाने को ज्यादा से ज्यादा तादाद में मतदान करें। रैली में चित्रकूट इंटर कॉलेज एनसीसी कैडेट, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी के रोवर रेंजर, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, कृषक इंटर कॉलेज भौंरी के स्काउट गाइडों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली को एसडीएम आलोक कुमार सिंह व नायब तहसीलदार कर्वी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सनत कुमार द्विवेदी, मइयादीन पटेल, सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, लालमन, शंकर प्रसाद यादव, दिनेश सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश सिंह, चंद्रभान सिंह, शालिनी देवी, रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू आदि ने सहयोग किया।

## एसपी ने परेड की सलामी लेकर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट देखा।

शुक्रवार को एसपी अरुण कुमार सिंह ने परेड ग्राउण्ड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता देखकर सुधार के निर्देश दिये। बैरिक, आवासीय परिसर, परिवहन शाखा देखकर प्रतिसार निरीक्षक को साफ-सफाई के निर्देश दिये। क्वार्टर गार्द में सलामी ली। स्टैण्ड-टू की कार्यवाही की। आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली



पुलिस लाइन में अर्दली रूम करते एसपी।

रुम किया। इस मौके पर सीओ सिटी/लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## खोया मोबाइल पुलिस ने स्वामी के किया सुपुर्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने खोये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 28 मार्च को वार्ड नम्बर 18 द्वारिकापुरी के कैलाश चन्द्र शुक्ला पुत्र देवराज शुक्ला ने मोबाइल खोने बाबत पोर्टल पर शिकायत की थी। कोतवाली कर्वी को मोबाइल की लोकेशन मिली। कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय व कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेन्द्र कुमार ने मौके पर जाकर मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी कैलाश चन्द्र शुक्ला के सुपुर्द किया। मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी के चेहरे की मुस्कान खिल गई। पुलिस की सराहना कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चार के कब्जे से 39 लीटर महुआ-36 क्वार्टर बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 39 लीटर महुआ शराब व 36 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने राहुल पुत्र लल्लूराम मवई कला के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने सत्यकिशोर नाई पुत्र रामखिलावन रानीपुर थाना कमासिन जिला बांदा को 19 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने बबलू पुत्र चुनवाद हनुवा के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने छोटेलाल उर्फ छोट्टन प्रजापति पुत्र भगवानदीन लोहदा के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## पड़ोसी की हत्या में दम्पति व बेटे को उम्रकैद

### एक साल पहले हुई थी हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पड़ोसी को घर से घसीट कर लाने व गला काट कर हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति-पत्नी व बेटे को आजीवन कारावास की सजा समेत जुर्माना से दंडित किया है। शुक्रवार को अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी कर एक साल पहले हुए हत्याकांड के मामले में निर्णय आने के बाद जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि एक साल पहले इस हत्याकांड में कड़ैहा पुरवा सर्दी खुर्द के हेतराम आदिवासी ने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसका भतीजा राम कैलाश (46) एक मई को रात नौ बजे घर में था। पड़ोसी धर्मराज आदिवासी अपने पिता समरजीत व मां सरोज देवी के साथ राम कैलाश के दरवाजे पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर तीनों ने राम कैलाश को घसीट कर दरवाजे ले गए। समरजीत व पत्नी सरोज ने राम कैलाश को पकड़ लिया। बेटे धर्मराज ने हसुवा से गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। राम कैलाश गिर गया। गर्दन में घाव होने से मौके पर मौत हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के चाचा हेतलाल की तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल होने के एक साल पहले हुए हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी से तीनों हत्यारोपियों की जमानत नहीं हो सकी थी। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर धर्मराज, पिता समरजीत व मां सरोज देवी को आजीवन कारावास की सजा समेत प्रत्येक दोषी को 11 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।

## गैर लाइसेंसी दुकान से एसडीएम ने पकडा गल्ला, किया जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपजिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक को सूचना मिली कि गैर लाइसेंसी गल्ला दुकान से गल्ला लोड होकर जा रहा है। उन्होंने सूचना पर छापेमारी कर 147 कुंतल गेहूं, 15 कुंतल चावल, एक कुंतल अलसी, तीन कुंतल जौ, 44 कुंतल महुआ व नौ कुंतल सरसों बरामद किया।

शुक्रवार को एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने बताया कि बरगढ़ कस्बे में हनुमान प्रसाद पुत्र भागवत प्रसाद की बरगढ़ में गैर लाइसेंसी गल्ला दुकान है। छापेमारी कर अवैध खाद्यान परिवहन को लोड करने के सूचना पर नायब तहसीलदार मऊ, मंडी सचिव मऊ, मंडी सहायक मऊ ने मौके से 147 कुंतल गेहूं, 15 कुंतल चावल, एक कुंतल अलसी, तीन कुन्तल



गैर लाइसेंसी गल्ला दुकान की जांच करते एसडीएम।

जौ, 44 कुंतल महुवा, नौ कुंतल सरसो बरामद किया। 67 बोरी गेहूं ट्रक में लदा मिला। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ की सुपुदर्गी में सौंपा गया। मौके पर दुकानदार हनुमान प्रसाद ने कोई अभिलेख नहीं दिखाये। दुकान में रखे कृषि उत्पाद को सीज कर दिया। दुकानदार हनुमान प्रसाद को इस बाबत नोटिस जारी की गई। एक लाख सोलह हजार रुपये का जुर्माना किया।

## चार मई को पीएम-सीएम के कानपुर आने पर वाहनों में लगेगी लगाम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानपुर कमिश्नरेट में चार मई को देश के प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने बैठक में सभी ट्रांसपोर्टर्स को निर्देश दिये कि पीएम-सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर कानपुर जाने वाले व कानपुर होकर आने- जाने वाले मालवाहक वाहनों को रोका जाये। आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन एक्सप्रेस-वे होकर ही जा सकते हैं। पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह व प्रभारी यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे।



बैठक में ट्रांसपोर्टरों को निर्देश देते एसपी।

## मारपीट के दो आरोपियों को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अबरार ने न्यायालय से मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोपी को दो-दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

शुक्रवार को सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज (सीडी) सचिन कुमार दीक्षित ने थाना पहाड़ी में दर्ज मारपीट, जान से मारने की धमकी के आरोपी अश्वनी पुत्र रामहित व संतोष पुत्र गज्जू चैरा पर दो-दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

## पुलिस ने दम्पति के विवाद को सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी विवाद को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराई।

शुक्रवार को रैपुरा थाने के देउंधा पहाडी की श्रीमती कलावती राजपूत पत्नी रामखिलाड़ी ने पति रामखिलाड़ी पुत्र हल्कू उर्फ मुखिया राजनगर थाना जतारा जिला टीकमगढ़ मप्र पर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व दहेज को प्रताड़ित करने बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार



विवाद सुलझाती पुलिस।

परामर्श केन्द्र को भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही अनामिका सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।

## २० मई मतदान बहिष्कार से अधिग्रहण का होगा विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट राम वनगमन पथ निर्माण को अधिग्रहीत भूमि के मुआवजे के अलग-अलग सर्किल रेट पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। सूबे के मुख्यमंत्री संबोधित पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर ग्रामीणों ने कहा कि कृषि योग्य भूमि कौडियों में ली जा रही है।

शुक्रवार को राम वनगमन पथ से प्रभावित किसान सनत मिश्रा, बाबूलाल, बालकेश, आभेष मिश्रा, विजय शंकर, बालकृष्ण, देवनारायण, शंकर प्रसाद आदि कलेक्टेट्रट पहुंचे। जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि बगल के गांव की जमीन के दाम उनसे दोगुने मिल रहे हैं। सर्किल रेट का सही ढंग से निस्तारण न होने पर 20 मई को मतदान का बहिष्कार करेंगे। पहाड़ी ब्लाक के चकजाफर व कई पुरवा के ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि कृषि योग्य



डीएम को ज्ञापन देने जाते किसान।

भूमि मुख्य सडक से सटी है। उसका अधिग्रहण किया जा रहा है। सर्किल रेट पड़ोसी गांव अशोह व चकौंध की भूमि के मुकाबले आधा मिल रहा है। विरोध कर अधिग्रहण रूकवाया है। ग्रामीणों ने कहा कि पड़ोसी गांव की भूमि से उनकी भूमि ज्यादा कीमती है। गांव के पास से बाईपास भी बनाया जा रहा है, जो नियम विपरीत बन रहा है। ग्रामीणों ने डीएम अभिषेक आनंद से भेदभाव को खत्म कराकर बराबर सर्किल रेट दिलाकर भूमि अधिग्रहण कराने की मांग की है। चेताया कि ऐसा न होने पर लखनऊ तक विरोध किया जाएगा। अधिकारियों की मनमानी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। एक सप्ताह में कोई फैसला न होने पर विरोध की शुरुआत 20 मई के मतदान बहिष्कार से की जायेगी।

## रामनगर ब्लाक के पूर्व प्रमुख का पारिवारिक विवाद गहराया, दोनों ओर से दर्ज हुई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख/सपा से भाजपा में गये बालमुकुन्द पाण्डेय का पारिवारिक विवाद गहराता जा रहा है। उनके व परिजनों के खिलाफ परिवार की राजापुर थाने के छीबों गांव की रोशनी पाण्डेय पत्नी विष्णु पाण्डेय ने घर में घुसकर छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया है।

राजापुर थाने में दी तहरीर में रोशनी पाण्डेय पत्नी विष्णु पाण्डेय ने कहा कि 20 अप्रैल को अपरान्ह तीन बजे शिवा पाण्डेय, प्रेमनारायण पाण्डेय, बालमुकुन्द पाण्डेय पुत्रगण शिवगुलाम पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, श्रद्धा पाण्डेय ने उसके घर में घुसकर जान से मारने की गरज से उसे व पति पर लाठी-डंडा लेकर धावा बोल दिया। शिवा पाण्डेय पुत्र भोला पाण्डेय ने रोशनी से गाली-गलौज कर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। गर्दन व ब्लाउज पकडकर गाली देते हुए कहा कि तू समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं रही। तेरा हाल इस तरह कर देंगे कि गांव में रहने लायक नहीं बचेगी। पति को भी जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच कृष्ण देव मिश्रा को सौंपी है। ये मामला 26 अप्रैल को दर्ज हुआ है।

इसी क्रम में राजापुर थाने में एक मई को दर्ज रिपोर्ट में छीबों गांव की श्रद्धा पाण्डेय पत्नी सुधीर पाण्डेय ने कहा कि वह पैतृक सम्पत्ति में आबाद है। उसके ससुर रामजी पुत्र स्व रामदास पाण्डेय ने पैतृक भूमि का बैनामा बीस अप्रैल को गांव के प्रधान के सगे भाई ज्ञानेन्द्र मिश्र पुत्र स्व रामकिंकर मिश्र के नाम किया है। वह पैतृक भूमि बेंचने पर हिस्सा मांगने गई तो ससुर ने अभद्र बर्ताव किया। देवर विष्णु पुत्र रामजी व रोशनी पत्नी विष्णु पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र मिश्र पुत्र रामकिंकर, सत्यम मिश्र पुत्र ज्ञानेन्द्र मिश्र, शिवम मिश्र ने उसका हाथ पकडकर घसीटकर गिरा दिया। गम्भीर चोंट पहुंचाकर बेईज्जत किया।

उसे व पति को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि भविष्य में दुबारा हिस्सा न मांगना। वह लौटकर घर जाने लगी तो सभी लोगों ने लामबन्द होकर उससे अभद्रता व छेडखानी करने लगे। उसके कपडे अस्त-व्यस्त हो गये। चिल्लाने की आवाज सुनकर चचेरे ससुर व परिजनों ने जान बचाई। अन्यथा उसे ज्ञानेन्द्र मिश्रा व सत्यम मिश्रा व शिवम मिश्रा जान से मार डालते। ये सभी अपराधी प्रवृत्ति के हैं। प्रयागराज में धोखाधडी के इन पर मामले दर्ज हैं। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्जकर जांच कृष्ण देव मिश्रा को सौंपी है। ये मामला अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ है।

### दोनों पक्ष हैं असरदार दबंग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख बालमुकुन्द पाण्डेय इन दिनों ब्लाक क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी का चुनाव देख रहे हैं। ये सपा से भाजपा में आये थे। इनकी दबंगई की चर्चा क्षेत्रीय लोग करते हैं। ज्ञानेन्द्र मिश्र भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के सगे बहनोई हैं। मौजूदा प्रधान अनिल मिश्रा के भाई हैं। इनकी भी दबंगई की चर्चा जोरों पर है।

## दो पर गुण्डा-पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दो लोगों पर गुण्डा एक्ट व पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य ने अरुण कुमार पुत्र पप्पू पटेल बरगढ़ मोड़ मजरा कोनिया, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू पुत्र सालिगराज शुक्ल कस्बा बरगढ़ पर गुण्डा एक्ट लगाया है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने रमेश पुत्र मुन्ना, रणधीर सिंह पुत्र लालमन, फूलचन्द्र पुत्र रामखेलावन गढ़चपा, धनपत पुत्र गयादीन पोखरा मजरा गढ़चपा व लालमन पुत्र चुन्नीलाल रम्पुरिया मजरा सरैंया पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# पाकिस्तान के श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर हुए भाव विह्वल

## पाकिस्तान से आए राम भक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में मत्था टेक लिया आशीर्वाद

**अयोध्या।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के 35 जिलों के 235 हिंदूओं के एक जत्थे ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन किये। सभी ने समर्पण भाव से रामलला सरकार को शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। ये छत्तीसगढ़ के सदानी दरबार के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचे हैं।

आराध्य के प्रति आस्था व विश्वास अटल हो तो सरहद और दूरियां कोई मायने नहीं रखतीं, कुछ ऐसा ही दृश्य आज अयोध्या की सड़कों पर देखने को मिला। सभी ने ढोल और नगाड़े के धुन पर जमकर नृत्य किया और जय श्री राम के नारे लगाए।

पाकिस्तान के श्रद्धालु बोले रामलला का दर्शन कर हृदय हुआ




भाव विह्वल

पाकिस्तान के हैदराबाद से आये श्रद्धालु चंद्र राम ने कहा कि यहां आकर हम सभी को बहुत अच्छा लगा है। रामलला सरकार का दर्शन करने की अभिलाषा पूरी हुई है, जिसका शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। वहीं अन्य श्रद्धालुओं का कहना है कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है, हम सभी सौभाग्य शाली हैं कि आज हमें प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर आने का सौभाग्य मिला, रामलला का दर्शन कर हृदय भाव विह्वल हो गया है, जिसकी शब्दों में वर्णन करना कठिन है।

डा. अशोक कुमार ने कहा कि हम यहां से जो भावना लेकर जा रहे हैं, उससे व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। दर्शन करने आई प्रेरणा ने कहा कि पाकिस्तान से यहां तक की यात्रा बहुत ही अच्छी रही है। हम सभी ने यहां दर्शन पूजन किया है, बहुत अच्छा लगा। मन्दिर में भगवान के दरबार मे बहुत ही ऊर्जा हैं।

# पाकिस्तान में बस पलटकर सिंधु नदी के तट पर गिरी, 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक प्राइवेट यात्री बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। यह हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में आज सुबह साढ़े पांच हुआ। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए।

स्थानीय समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह बस रावलपिंडी से गिलगित जा रही थी। डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर गुनार फार्म के पास चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बस पलटते हुए सीधे सिंधु नदी के तट पर जा गिरी। हादसे में अन्य 21 यात्री घायल हो गए। इनमें से ज्यादातर की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। एक अधिकारी ने कहा कि घायलों को चिलास अस्पताल भेजा गया ।

जिओ न्यूज के अनुसार डायमेर के डिप्टी कमिश्नर फैयाज अहमद ने कहा है कि कम से कम पांच घायल यात्रियों की हालत बेहद



गंभीर है। इनमें से दो को गिलगित शहर में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान पूरा हो चुका है। इस अभियान में सेना के हेलीकॉप्टरों का सहारा लिया गया गया। यह दुर्घटना चिलास शहर से 20 किलोमीटर दूर हुई।

## इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग की

**इस्लामाबाद,।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली पर बृहस्पतिवार को एक श्वेतपत्र जारी किया और संसद में 180 सीट छीनने की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की।

पाकिस्तान में हुए आठ फरवरी के आम चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तरहरीक-ए-इंसाफ का चुनाव चिह्न नहीं होने से उसके समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 93 सीट जीती थीं। तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीट जीतीं, जबकि बिलावल जरदारी भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने 17 सीट पर जीत हासिल की थी।

इमरान खान विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं। उनकी पार्टी ने कहा है कि शरीफ की पीएमएल-एन का पक्ष लिया था और पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने उसके जनादेश को चुराते हुए परिणाम के लिए एक अलग फॉर्म का इस्तेमाल किया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान ने बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने (8 फरवरी) चुनाव में 180 सीट जीतीं। हमारी सीट फॉर्म 47 के माध्यम से अन्य दलों को दे दी गईं। गौहर ने कहा कि उन्होंने कथित धांधली के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि लेकिन याचिका अभी तक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई है।गौहर ने कहा, हम लोगों के ध्यान में यह लाने के लिए 300 पन्नों का श्वेतपत्र जारी कर रहे हैं कि उनका जनादेश कैसे चुराया गया। उन्होंने कहा कि श्वेतपत्र अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विदेशी मीडिया और समाचार पत्रों की रिपोर्ट पर आधारित है और चुनाव में धांधली को हमेशा के लिए खत्म करने को लेकर सुधार का आह्वान किया गया है।

## सीजेआई चन्द्रचूड़ नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचे



**काठमांडू।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चन्द्रचूड़ तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आज काठमांडू पहुंचे। वह शनिवार को यहां होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काठमांडू आए हैं।

नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ के निमंत्रण पर सीजेआई के काठमांडू आने की जानकारी दी गई है। विमानस्थल पर नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश आनन्द मोहन भट्टराई ने सीजेआई चन्द्रचूड़ का स्वागत किया। इस दौरान नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

सीजेआई डीवाई चन्द्रचूड़ शनिवार को नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जुवेनाइल जस्टिस पर आयोजित सम्मेलन में बतौर प्रमुख अतिथि सहभागी होने वाले हैं। कल ही दोनों देशों के चीफ जस्टिस के बीच औपचारिक मुलाकात होने वाली है। कल शाम को चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ के सम्मान में नेपाल के प्रधान न्यायाधीश की तरफ से रात्रिभोज का आयोजन किया गया है।

# नेपाल : सत्तारूढ़ गठबन्धन में असंतोष, शीर्ष नेताओं के बीच बढ़ी दूरी

**काठमांडू।** नेपाल में वाम दलों के बीच बने नए सत्तारूढ़ गठबन्धन में एक महीने बाद ही खटपट होने की जो सूचनाएं पहले सियासी गलियारे में तैर रही थीं, उनका असर अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगा है। सत्ता घटक दल के शीर्ष नेताओं के बीच अविश्वास का वातावरण बनने से उनके बीच दूरी बढ़ती जा रही है। मार्च 2024 के पहले हफ्ते में नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ कर वाम दलों का गठबन्धन बनाने वाले प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड दो महीने के बाद ही अपने फैसले पर पछताने लगे हैं। माओवादी नेताओं के शीर्ष नेताओं से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने बताया है कि ठीक से काम करने के लिए केपी शर्मा ओली के साथ गठबन्धन किया था लेकिन यहां कांग्रेस से भी अधिक समस्या है। माओवादी पार्टी के एक नेता ने बताया कि प्रचण्ड फिर से नेपाली कांग्रेस के साथ गठबन्धन करने की बात करने लगे हैं। वैसे प्रचण्ड ने नया गठबन्धन बनने के एक महीने के बाद ही एक सार्वजनिक मंच से कहा था कि अगर उन्हें ठीक से काम नहीं करने दिया गया तो वो फिर से देश की राजनीति में उथलपुथल मचा सकते हैं।

प्रचण्ड द्वारा पुराने गठबन्धन को तोड़कर नया गठबन्धन बनाने से अब तक कई प्रदेश सरकारें अपना बहुमत साबित नहीं कर पाई है। दो प्रदेश सरकारों का मामला तो सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है। इसी बीच अब प्रचण्ड सरकार के अहम घटक दल एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष माधव नेपाल ने गठबन्धन छोड़ने की धमकी दी है। पिछले दो तीन दिनों में आयोजित हर एक कार्यक्रम में माधव नेपाल ने इस गबन्धन का कोई भविष्य नहीं होने की बात कहते हुए किसी भी समय गठबन्धन से बाहर निकलने की चेतावनी देते नजर आए हैं। माधव नेपाल ने एमाले पार्टी और उसके अध्यक्ष ओली पर मनमानी करने, गठबन्धन धर्म का पालन नहीं करने और पूर्व में हुई सहमति से पीछे हटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ओली अपनी मनमानी चला रहे हैं, गठबन्धन के प्रति वो ईमानदार नहीं हैं।

उधर, केपी ओली ने भी अपने सांसदों को किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। गठबन्धन दलों के बीच एक दूसरे के विरोध में खुले रूप से हो रही बयानबाजी के बीच ओली ने गुरुवार को प्रचण्ड से दो घंटे तक बातचीत की है। माना जा रहा है कि दोनों के बीच गठबंधन में बढ़ रहे आपसी विवाद पर गम्भीरता से बातचीत हुई है। प्रचण्ड से मुलाकात के बाद ओली ने अपनी पार्टी की तरफ से सरकार में शामिल सभी मंत्रियों को बुला कर किसी समय भी राजनीतिक परिस्थिति बदलने का संकेत देते हुए उसका सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है। एमाले की तरफ से सरकार में उद्योग मंत्री रहे दामोदर भण्डारी ने बताया कि उनके पार्टी अध्यक्ष ने गठबन्धन में कुछ अविश्वास का संकेत तो दिया है लेकिन उन्हें नहीं लगता है कि तत्काल इसका गठबन्धन पर कोई असर पड़ने वाला है।

सरकार में उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने ने भी गठबन्धन छोड़ने की बात कही है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए लामिछाने ने कहा कि अगर उन्हें ठीक से काम नहीं करने दिया गया तो वो कभी भी सरकार छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल बड़े दल उनके और उनकी पार्टी के मंत्रालयों के काम में हस्तक्षेप कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। लामिछाने ने कहा कि उनके खिलाफ अनर्गल प्रचार कर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर यही सब चलता रहा तो वो किसी भी समय स्ट्रॉंग पॉलिटिकल स्टेप उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## बलूचिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत, 17 अन्य घायल

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को दो बारूदी सुरंगों में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

विस्फोट प्रांत के दुक्की जिले में हुए और पूरे शहर में इसकी गूंज सुनाई दी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि पहला विस्फोट तब हुआ जब कोयले से लदा एक ट्रक विस्फोटक उपकरण पर चढ़ गया। थोड़ी देर बाद, घटना स्थल के पास एक और बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा करीब 17 अन्य घायल हो गए।

## असम की पूर्णिमा देवी बर्मन ने जीता ब्रिटेन वन्यजीव धर्मार्थ का गोल्ड अवॉर्ड




**लंदन।** असम राज्य की वन्यजीव जीवविज्ञानी डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को लुप्तप्राय ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क और उसके आर्द्रभूमि निवास स्थान के संरक्षण प्रयासों के लिए अग्रणी ब्रिटिश वन्यजीव धर्मार्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

लंदन में रॉयल जियोग्राफिकल सोसाइटी में बुधवार शाम को एक सम्मान समारोह में डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को व्हिटली फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूएफएन) द्वारा व्हिटली गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. पूर्णिमा देवी को इसके लिए एक लाख ब्रिटिश पाउंड की राशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार दुनियाभर में जमीनी स्तर पर संरक्षण करने वालों को प्रदान किया जाता है।

बर्मन को असमिया में स्थानीय रूप से हरगिला के रूप में पहचाने जाने वाले सारस के संरक्षण के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की बहन, धर्मार्थ संस्था की संरक्षक राजकुमारी ऐनी ने प्रदान किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के पंचायती राज संस्थानों की तीन महिला प्रतिनिधियों का संबोधन आज

**नई दिल्ली/न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत का स्थायी मिशन और पंचायती राज मंत्रालय संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से "एसडीजी का स्थानीयकरणः भारत में स्थानीय प्रशासन में महिला नेतृत्व" पांच दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन होगा। इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थानों की निर्वाचित तीन महिला प्रतिनिधि विचार रखेंगी। तीनों को जनसंख्या और विकास आयोग (सीपीडी57) के 57वें सत्र में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। यह जानकारी नई दिल्ली में भारत के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है।

पीआईबी के अनुसार, भारत में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस कार्यक्रम में त्रिपुरा के सिपाहीजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता, आंध्र प्रदेश के पेकेरू ग्रांम पंचायत की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी और राजस्थान के लांबी अहीर ग्राम पंचायत की सरपंच नीरू यादव को मौका मिला है। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज कर रहे हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, "एसडीजी का स्थानीयकरणः भारत में स्थानीय प्रशासन में महिला नेतृत्व" शीर्षक वाला यह अतिरिक्त कार्यक्रम जमीनी स्तर के राजनीतिक नेतृत्व में भारतीय महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा। साथ ही जमीनी स्तर पर सतत विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर जोर देगा। इस महत्वपूर्ण अवसर को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सोशल मीडिया पेजों पर तीन मई (शुक्रवार) की रात 10:45 बजे (आईएसटी) पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। इसके माध्यम से वैश्विक दर्शकों को महिला सशक्तिकरण के इस प्रेरणादायक प्रदर्शन और अभिव्यक्ति को देखने का मौका मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज अपनी प्रारंभिक टिप्पणी के जरिए लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने में पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) की महत्वपूर्ण भूमिका और जमीनी स्तर के शासन में महिला नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। राजदूत कंबोज के संबोधन के बाद पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज पंचायती राज संस्थानों की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

इस कार्यक्रम में तीन प्रतिष्ठित निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के साथ पैनल चर्चा भी होगी। सुप्रिया दास दत्ता समावेशी विकास को सक्षम करने में पंचायतों में महिला नेतृत्व की भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा करेंगी। कुनुकु हेमा कुमारी सामाजिक क्षेत्र के कार्यक्रमों को चलाने में पंचायत की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी। नीरू यादव महिलाओं और लड़कियों के अनुकूल पंचायतों को तैयार करने में अपना अनुभव साझा करेंगी।

इस कार्यक्रम में यूएनएफपीए के एशिया प्रशांत क्षेत्रीय निदेशक पियो स्मिथ, यूएनएफपीए के भारत प्रतिनिधि सुश्री एंड्रिया एम. वोज्नार और एमओपीआर के संयुक्त सचिव आलोक प्रेम नागर भी मौजूद रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मामले में भारत वैश्विक स्तर पर सबसे आगे है, जिसमें 1.4 मिलियन महिलाएं पंचायती राज संस्थानों और ग्रामीण स्थानीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों के रूप में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान भारत महिला सशक्तिकरण पर कार्यसमूह की स्थापना करके लैंगिक समानता और महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर चुका है। सुप्रिया दास दत्ता ने फामेर्सी में डिप्लोमा किया है। कुनुकु हेमा कुमारी ने टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की है। नीरू यादव के पास गणित और शिक्षा में मास्टर डिग्री है। इस समय वह पीएचडी कर रही हैं।

## सेबी का अडाणी समूह की छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडाणी समूह की कम से कम छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। सेबी ने इनको यह नोटिस संबंधित पक्ष लेन-देन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए जारी किया है।

शेयर बाजार को दी गई सूचना में इन कंपनियों ने इसका खुलासा किया है।

समूह की इन कंपनियों में अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के अपने-अपने वित्तीय परिणामों में सेबी के नोटिस की जानकारी का खुलासा किया है। हालांकि, कंपनियों ने कहा है कि कानूनी सलाह के अनुसार बाजार नियामक सेबी की इस नोटिस से उनके कारोबार पर बहुत मामूली असर पड़ सकता है।

अडाणी समूह की इन छह कंपनियों को सेबी का कारण बताओ नोटिस उस जांच का हिस्सा है, जो शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के जनवरी 2023 में अडाणी समूह के खिलाफ कॉर्पोरेट धोखाधड़ी और शेयर मूल्य हेरफेर के आरोप लगाने के बाद जारी की गई थी। हालांकि, अडाणी समूह ने उन सभी आरोपों और किसी भी गलत काम से इनकार किया है। रिपोर्ट के कारण शेयर बाजार में समूह की कंपनियों के शेयर में भारी गिरावट आई थी लेकिन बाद में समूह की कंपनियों के शेयरों ने बाजार में वापसी की थी।

## एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से शुरू करेगी सीधी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा की शुरूआत 16 जून से शुरू करेगी। इसके साथ ही ज्यूरिख भारत से एयर इंडिया की सीधी उड़ान सर्विस वाला सातवां यूरोपीय शहर हो जाएगा।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में बताया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू होगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। कंपनी ने कहा कि इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें इकोनोमी और बिजनेस श्रेणी होंगी।